# बारिश और ओले से बर्बाद हुई फसल

## मौसम की मार से किसान हुए परेशान, पानी-ओला ने उनकी उम्मीदों पर फेर दिया पानी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** फसल के भरोसे जरूरतों को पूरा करने की किसान की आस इस बार भी पूरी नहीं होने वाली। लगातार प्राकृतिक आपदाओं को झेल रहा अन्नदाता इस बार भी इससे बचा नहीं। कभी बेमौसम बारिश तो कभी ओलावृष्टि ने उसे तोड़ दिया है। रविवार को मुख्यालय सहित कई जगहों पर भारी बारिश के साथ ओले गिरे तो बची खुशी फसल के भी नष्ट होने की आशंका से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें और गाढ़ी हो गईं।

लगातार दो दिन से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। कभी तेज तो कभी धीमी बारिश से किसी तरह खुद को सांत्वना दे रहे किसानों की आशा पर रविवार की सुबह से हो रही रुक रुककर बारिश के बाद ओला गिरने से मानो तुषारापात हो गया। मुख्यालय सहित तीर्थक्षेत्र, राजापुर आदि जगहों पर कहीं छोटे तो कहीं बड़े ओले गिरे। मुख्यालय में गोकुलपुरी सहित कई मुहल्लों में पानी भरने से नाली निर्माण और जल निकासी के लिए कराए गए कार्यों की पोल खुल गई।

**राजापुर संवाददाता के अनुसार,** क्षेत्र में बेमौसम बरसात से किसानों के चेहरों में मायूसी छा गई है। जोरदार बारिश के साथ आंधी आने और बड़े-बड़े ओले गिरने से रबी की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। चना, मसूर, अरहर, सरसों आदि लगभग नष्ट हो गई है। गेहूं की बालियों के खेतों में गिर जाने से भी नुकसान का अंदेशा है। किसानों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो फसल बाजार में ले जाने की कौन कहे, खाद- बीज के दाम निकलना भी मुश्किल है।



बारिश और ओले से खेत में बिछ गई फसल। अमृत विचार


मुख्यालय के गोकुलपुरी मुहल्ले में जलभराव से हुई दिक्कत। अमृत विचार

### किसान बोले, बर्बाद हो गई फसल

अन्ना मवेशियों से फसलों को बचाते किसानों के सामने प्रकृति ने बड़ी दिक्कत ला दी है। ग्राम पंचायत बछरन के किसान प्रताप नारायण ने बताया कि बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान है। फरवरी-मार्च में पौधों में फूल आता है। पौधों के नीचे गिरने से फूल कम लगेंगे, इससे पैदावार बहुत कम होगी। गोसाईंपुर के लवकुश ने बताया कि गेहूं की फसल ओलावृष्टि से गिर गई है। दलहन और तिलहन की फसल के लिए बारिश और ओला नुकसानदायक है।


किसान प्रतापनारायण, लवकुश।


इस तरह गिरे ओले। अमृत विचार

### मऊ में भी लगातार बारिश

**संवाददाता, मऊ।** शुक्रवार से हो रही बारिश ने किसानों की परेशानी बढ़ी दी है। इस बार किसानों को गेहूं और चना की अच्छी फसल होने की उम्मीद थी लेकिन बारिश ने पानी फेर दिया। रविवार को बारिश के साथ ओले गिरे। किसानों ने फसलों का सर्वे कराए जाने की मांग की है। बारिश से चना, सरसों और गेहूं को नुकसान होने की आशंका है। जानकारों के अनुसार, इस बारिश से चने में नमी आएगी जबकि गेहूं के दाने काले पड़ने की आशंका है। समाजसेवी विष्णु देव त्रिपाठी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से अनुरोध किया जाएगा कि सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा दिया जाए। जिन किसानों की फसल खराब हुई है, उनसे समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी जाए। पिंटू बाजपेई, रामकृष्ण बाजपेई, मिलन बाजपेई, बसंत पाण्डेय, अंकित त्यौंथा, राजा, प्रकाश, बेटू, शारदा यादव, राममूरत यादव आदि किसानों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की।

# ससुर पर दुराचार का आरोप, रिपोर्ट

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मुस्लिम महिला ने अपने ससुर पर दुराचार करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पति समेत ससुरालीजनों पर जान से मारने की कोशिश के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने पति, ससुर, सास और जेठानी के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम व दुष्कर्म, हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव निवासी विवाहिता ने बताया कि उसकी दो मार्च 2023 को कौशांबी के एक गांव में हुई थी। शादी के बाद से पति और अन्य ससुरालीजन दहेज के लिए उससे मारपीट करते थे। साथ ही बिजनेस के लिए तीन लाख रुपये की मांग करते थे। धमकी देते थे कि अगर ऐसा नहीं किया तो घर में दफना देंगे। जब वह दोबारा ससुराल गई तो भी पति, सास-ससुर और जेठानी ने उसे साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि ये लोग उसे कमरे में बंद कर देते थे और खाना नहीं देते थे। ठंड में हाथ-पैर बांधकर पंखा चला देते थे। जब उसका पति काम पर मुंबई चला गया तो ससुर ने कई बार जबरन दुराचार किया। बेल्ट और पीटा और चाकू से हमला किया। जब पति लौटा तो उसने ससुर की करतूत बताई। पति ने पिता को बुलाकर 22 फरवरी को फटी धोती में उसके साथ भेज दिया। आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने उसके गहने भी छीन लिए। उसने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पंपापुर आश्रम में पुलिस करेगी सुरक्षा के इंतजाम

कार्यालय,चित्रकूट

- उद्योगपति विवेक अग्रवाल लगवाएंगे सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार।** देवांगना स्थित पंपापुर आश्रम के प्राचीन हनुमान मंदिर में गुरुवार रात हुई चोरी से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस जुटी है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि जानकारी पर वह खुद आश्रम गए और जानकारी ली। आश्रम में पुलिसकर्मियों की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने बताया कि चोरी करने वाले आसपास के ही होंगे। पुलिस इस बार चोरों का पता लगाकर ही दम लेगी। कुछ महीनों पहले भी यहां पर चोरी हो चुकी है। बाबा रणछोड़ दास की तपोस्थली प्राचीन पंपापुर आश्रम में चोरी से श्रद्धालुओं में आक्रोश है। एयरपोर्ट के पास स्थित इस प्राचीन मंदिर में चोरी होना पुलिसिया चौकसी पर भी सवालिया निशान लगाता है। प्राचीन आश्रम में महंत प्रेमदास तपशाली और उनका एक शिष्य ही रहते हैं। गुरुवार की रात चोरों ने यहां से हनुमान प्रतिमा से आंखें, गदा, मुकुट, पैर के आभूषण और अन्य सामान के साथ चढ़ावा चुरा ले गए। एएसपी ने बताया कि पंपापुर आश्रम हनुमानगढ़ी में पुलिस सुरक्षा के इंतजाम करेगी दोबारा ऐसी घटना नहीं होने पाएगी। मंदिर के दरवाजे को एएसपी ने वैल्डिंग कराई और एक और नया दरवाजा लगवाया। महंत प्रेमदास तपशाली के शिष्य विवेक अग्रवाल ने कहा कि वह आश्रम में 10 सीसीटीवी कैमरे लगवाएंगे। इसके अलावा आश्रम में जन सहयोग से अब सोलर लाइट की भी व्यवस्था कराई जाएगी।


पंपापुर आश्रम में महंत से जानकारी लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

# किसानों को फसल बीमा योजना से ही उम्मीद

संवाददाता, भरतकूप (चित्रकूट)

- भरतकूप क्षेत्र में भी पड़े ओले और हुई भारी बारिश
- किसानों का मानना है कि ठीक से सर्वे हुआ तो लाभ मिलेगा

**अमृत विचार।** सालों से प्राकृतिक आपदा झेल रहे किसान को अब सरकार से ही आसरा है। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से वे तबाह हो रहे हैं। अब तो फसल बीमा योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं ही उनको राहत दे सकती हैं। अगर उनकी फसलों के नुकसान का ठीक से सर्वे हो तो उन्हें लाभ मिलेगा।

भरतकूप इलाके के सिलखोरी, घुरेटनपुर, खंभरिया, मानपुर, सभापुर, बंदरी आदि में रविवार को जमकर ओलावृष्टि हुई। किसानों ने बताया कि गेहूं, अरहर, चना और सरसों सहित कई फसलों-सब्जियों को नुकसान हुआ है। किसान श्यामसुंदर, राममिलन, बौरा, पप्पू आदि ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड से पैसा निकाल कर खेती में लगा दिया और ओलावृष्टि से फसल बर्बाद हो गई। अब तो परिवार का पेट पालने में भी समस्या आएगी। किसान क्रेडिट कार्ड का पैसा कर्ज बन चुका है।

किसानों ने आशा जताई कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से उनको राहत मिलेगी। कई किसानों ने आरोप लगाया कि नुकसान का आकलन करने जो भी टीम आती है, ठीक से आकलन नहीं करती और यही वजह है कि किसानों को सही मुआवजा नहीं मिल पाता। आशा जताई कि अधिकारी उनकी मुसीबत को समझेंगे।


भरतकूप के आसपास गिरे ओले। अमृत विचार

# आरके पटेल के मैदान में आने से लोकसभा चुनाव हुआ रोचक

कार्यालय, चित्रकूट

- सपा के चुनावी गणित को भाजपा ने बिगाड़ा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली ही सूची में वर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल का नाम भले ही राजनीतिक हवा को पहचानने का दावा करने वाले बहुत से लोगों को चौंका गया है पर यह बहुत ज्यादा अप्रत्याशित भी नहीं था। भाजपा ने सोच समझकर दांव खेला है। बात दीगर है कि जातिगत आंकड़ों की बात करने वाले लोग कई तरह की बातें कर रहे हैं।

जबसे समाजवादी पार्टी ने शिवशंकर सिंह पटेल को अपना प्रत्याशी बनाया था, तब से ही कयास लग रहे थे कि पार्टी या तो ब्राह्मण या फिर कुर्मी जाति के प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारेगी। हालांकि किस्मत ने आरके पटेल का साथ दिया। आरके पटेल की अन्य जातियों में भी अच्छी पैठ मानी जाती है। पटेल समुदाय का वर्चस्व यहां की राजनीति में हमेशा से रहा है। विस चुनाव में सपा के अनिल प्रधान ने पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय को हराकर कर यह तथ्य और भी मजबूत किया है।

शायद इसी को देखकर भाजपा ने एक बार फिर आरके सिंह पर विश्वास जताया है। सपा के भी इसी जाति के प्रत्याशी होने की वजह से वोटों के बंटने की संभावना जताई जा रही है। लोग यह भी कह रहे हैं कि भाजपा ने सपा के गणित को बिगाड़ा है। जिले की राजनीति की हवा को पहचानने वाले कहते हैं कि इससे उसकी पीडीए की मुहिम भी प्रभावित होगी। इसके बाद पीएम मोदी पर लोगों के विश्वास और मोदी की गारंटी से फिलहाल भाजपा को फायदा दिख रहा है पर यह बात कितनी सही है या गलत, भविष्य बताएगा। उधर, टिकट पाने के बाद सांसद ने जहां कामतानाथ मंदिर में माथा टेका वहीं जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य से भी आशीर्वाद लिया।

**सपा और बसपा में रह चुके हैं आरके पटेल:** स्व. भगवानदीन पटेल और रामसखी देवी के सुपुत्र आरके सिंह पटेल का जन्म तीन जुलाई 59 को बालापुर खालसा में हुआ। आरके सिंह पटेल ने इलाहाबाद विवि से अपनी बीए की पढ़ाई पूरी की। समाजसेवी और किसान आरके के परिवार में पत्नी शांति देवी के अलावा तीन पुत्र और एक पुत्री है। आरके सिंह ने राजनीति में 1991 में पदार्पण किया। वह समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी में भी रह चुके हैं। 15वीं लोकसभा में वह बांदा-चित्रकूट सीट से सपा के लिए प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अगले चुनाव में उन्होंने बसपा के टिकट से एमपी का चुनाव लड़ा और भाजपा के भैरों प्रसाद मिश्र से हार गए। फिर भाजपा ज्वाइन कर ली और 2017 के चुनाव में आरके मानिकपुर विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे। कर्वी विधानसभा क्षेत्र से वह 1996 और 2002 में विधायक रह चुके हैं।


कामदगिरि के दर्शन करते सांसद आरके सिंह पटेल।


जगद्गुरु रामभद्राचार्य का आशीर्वाद लेते सांसद। अमृत विचार

# मधुमक्खी पालन का दिया गया प्रशिक्षण

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** जिला ग्रामोद्योग व ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ के सहयोग से सृजन संस्था की ग्राम विकास समितियों ने किसानों को मधुमक्खी पालन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया। रविवार को समापन अवसर पर किसानों को हनी बॉक्स दिए गए। कोलमजरा में हुए कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, संस्था के आलोक, मुकेश, राघवेंद्र, हीना, रामनारायण, गुलाब, रमेश चंद्र, संजीत कुमार एवं समितियों की प्रतिनिधि महिलाएं मौजूद रहीं।


समापन अवसर पर मौजूद महिलाएं और अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### अलग-अलग मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में चार वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार किया। मानिकपुर थाने के निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने जुआ अधिनियम के वारंटी अनिकेश निवासी वाल्मीकिनगर को पकड़ा। चौकी प्रभारी हरदीकला अनिल कुमार मिश्र ने वारंटी शिवकुमार पाल पुत्र छोटेलाल निवासी लुढ़ौता, रैपुरा थाने के एसआई अरविंद कुमार ने एससी एसटी एक्ट के वारंटी मुन्नू भारद्वाज पुत्र श्यामलाल निवासी भौंरी और सरधुआ थाने के एसआई चंद्रमणि पांडेय ने वारंटी शिवबरन पुत्र मेदनी प्रसाद निवासी औदहा को गिरफ्तार किया।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में ज्ञापन देंगे शिक्षक

**हमीरपुर।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ टैबलेट के मामले में बेहद दुखी है। जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल व जिला मंत्री पुष्पेंद्र त्रिपाठी, गौरव नामदेव के नेतृत्व में सोमवार को प्रांतीय पदाधिकारियों के निर्देश पर ब्लॉक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारियों को ज्ञापन देंगे। गौरव नामदेव ने बताया कि टैबलेट से हाजिरी अव्यावहारिक है। कहा कि टैबलेट को चलाने के लिए सीयूजी सिम व इंटरनेट डाटा नहीं दिया जा रहा है। साथ ही वेतन रोकने का दबाव बनाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा अध्यापकों पर अमर्यादित व्यवहार किया जाता है।

मनमानी — कंपोजिट स्कूल के प्रधानाचार्य ने लगाया आरोप, नाला निर्माण अभी होना नहीं है, पहले ही किया ध्वस्त

# ठेकेदार ने तोड़ी स्कूल की बाउंड्री और शौचालय

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- चाहरदीवारी टूटने से छोटे बच्चों के लिए बढ़ा खतरा

**अमृत विचार।** जिम्मेदार बस अपने हिसाब से काम करते हैं, उनको किसी की परवाह नहीं। छोटे बच्चों की भी नहीं। कस्बे के कंपोजिट विद्यालय की चाहरदीवारी और शौचालय राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने वाले ठेकेदार ने तुड़वा दी। जबकि अभी दो महीने तक नाले का निर्माण नहीं होना है। चाहरदीवारी टूटने से स्कूल के बच्चों को खतरा है।

राजापुर में राजमार्ग बनाया जा रहा है। इसके किनारे पर नाला भी बनना है। बताया जाता है कि रैपुरा देवीजी तिराहे पर स्थित कंपोजिट विद्यालय की बाउंड्रीवॉल व शौचालय को ठेकेदारों ने नाला निर्माण के दो माह पहले ही ध्वस्त कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर विद्यालय स्थित होने से छोटे बच्चे टूटी हुई बाउंड्री से बाहर निकल जाते हैं। मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही दिन रात बनी रहती है। कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। पास में ही खुले में लगा ट्रांसफार्मर भी है। असामाजिक तत्वों के सामान व कीमती उपकरणों को क्षति पहुंचाने की भी आशंका है। एसडीएम प्रमोद झा और सीओ निष्ठा उपाध्याय ने स्कूल पहुंचकर मुआयना किया और जल्द निर्माण का आश्वासन दिया। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने गुणवत्तापूर्ण और जल्द निर्माण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि पैमाइश कराई जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग के ठेकेदार को बाउंड्री वॉल बनाने के लिए निर्देशित किया गया है।


स्कूल में मौका मुआयना करते एसडीएम और सीओ। अमृत विचार


ध्वस्त बाउंड्री और शौचालय।

### दिया कोरा आश्वासन

कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि स्कूल में कक्षा एक से लेकर आठ तक के 300 बच्चे पढ़ते हैं। विद्यालय की बाउंड्रीवॉल व शौचालय को राष्ट्रीय राजमार्ग 731 एजी के ठेकेदार ने तोड़ दिया है। उन्होंने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह में नई बाउंड्रीवॉल व शौचालय बनवा दिया जाएगा पर अभी तक नहीं बनाया। शौचालय निर्माण अधर में लटका होने से छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### मानकविहीन निर्माण रोका

कंपोजिट स्कूल के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि उप जिलाधिकारी राजापुर से शिकायत की गई कि ठेकेदार काम की औपचारिकता कर रहा है। बाउंड्री बनाने में गुणवत्ता का ध्यान न देने पर उन्होंने काम को रुकवा दिया है। काम सही होना चाहिए।


बृजेश कुमार।

### जल्द ही होंगी व्यवस्थाएं

नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने स्कूल में अन्य व्यवस्थाएं जल्द दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। कहा कि बरसात के समय पानी के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इससे पूरे मैदान में पानी भर जाता है। जल्द ही मिट्टी का काम तथा शौचालय का काम नगर पंचायत द्वारा कराया जाएगा।


नगर पंचायत अध्यक्ष।

# सच्चे मन से कथा सुनने से ही मिलता लाभ

संवाददाता,पहाड़ी (चित्रकूट)

- बर्रा कथास्थल पर देवता भी अमृत कलश लेकर पधारते हैं
- कथा श्रवण कर मंत्रमुग्ध हो गए श्रद्धालु

**अमृत विचार।** सिधौली के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पं. रामकिशोर शास्त्री ने कहा कि कथा को सच्चे मन से सुनने से ही इसका लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि इस कथा को सुनने के लिए देवता भी अमृत कलश लेकर पधारे थे। इस सनातन ग्रंथ में सत्य स्वरूप योगेश्वर श्रीकृष्ण का वर्णन है। स्वर्ग से देवता अमृत कलश लेकर जिस कथा को श्रवण करने के लिए पहुंचे, वह कथा साधारण नहीं हो सकती। कथा सुनने के सात दिन बाद ही राजा परीक्षित की श्राप से मुक्ति हो गई थी। कथा प्रसंगों के बीच श्री राधे-राधे, श्री राधाकृष्ण के जयकारे लगे। भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं मंत्रमुग्ध हो गए।


कथावाचक पं. रामकिशोर शास्त्री।

## एक नजर

### करंट लगने से लाइनमैन समेत दो झुलसे

**बांदा :** खंम्भे में चढ़कर फॉल्ट ठीक करते समय करंट लग जाने से लाइन मैन झुलस गया। एक अन्य घटना में करंट लगने से युवक झुलस गया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पैलानी थाना क्षेत्र के बंशीडेरा निवासी सरोज (25) पुत्र रामचरन चिल्ला पावर हाउस में संबिदा में लाइनमैन है। वह दोहरा गांव में रविवार की सुबह शट डाउन लेने के बाद खंम्भे में चढकर फाल्ट ठीक कर रहा था। तभी करंट लग जाने से वह खम्भे से नीचे आ गिरा। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं देहात कोतवाली क्षेत्र के चहितारा गांव निवासी राजबहादुर (22) रविवार की सुबह बिजली बोर्ड में प्लग लगा रहा था। तभी उसका हाथ कटे हुए तार में छू गया।

### युवक ने फांसी लगाई, भर्ती

**बांदा :** चिल्ला कस्बा निवासी विलोक सिंह (25 पुत्र राजेद्र ने शनिवार की शाम घरेलू किसी बात से नाराज होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो फंदा काटकर नीचे उतार लिया और अस्पताल में भर्ती करवाया।

### महिला ने जहर खाया

**बांदा :** मटौंध थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी सूरजकली (40) पत्नी रामराज ने रविवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी हुई उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# वंचित समाज एकजुटता से अपने वोट की ताकत दिखाएः बाबू सिंह

## वंचितों को एकजुट करने को जिले में पहुंची संपूर्ण भागीदारी यात्रा, कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह यात्रा का किया स्वागत



बाबू सिंह कुशवाहा का माल्यार्पण कर स्वागत करते कार्यकर्ता व समर्थक।



लोगों को संबोधित करते पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा। अमृत विचार



अपने समर्थकों से मिलते बाबू सिंह कुशवाहा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भले ही अभी नहीं हुआ है लेकिन, सभी सियासी पार्टियां अपना चुनावी एजेंडा लेकर लोगों के बीच पहुंचने लगीं हैं। इसी क्रम में जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा संपूर्ण भागीदारी यात्रा लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ समर्थकों ने जगह-जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संपूर्ण भागीदारी यात्रा के मंच से पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को वोट की ताकत का एहसास कराया। पिछड़े और वंचित समाज के लोग एकजुटता से अपने वोट की ताकत दिखाएं।

आठ जनवरी को गाजीपुर से जन अधिकारी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में रवाना हुई संपूर्ण भागीदारी यात्रा के रविवार को जिला मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ समर्थकों ने जगह-जगह राष्ट्रीय अध्यक्ष और यात्रा का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। जजी चैराहा में यात्रा के मंच से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देश के आजाद होने के बाद लोकतंत्र की स्थापना हुई। जिसकी मंशा थी कि सभी देशवासी मिलजुल कर एक सशक्त, समृद्धशाली राष्ट्र का निर्माण करेंगे। देशवासियों को आबादी के अनुरूप हक-हिस्सेदारी मिलेगी।

लेकिन, देश की मेहनतकश जनता खासकर पिछड़े, दलितों व अल्पसंख्यकों को हक-हिस्सेदारी से वंचित कर दिया गया। कांग्रेस और वर्तमान में सत्तासीन भाजपा पर करारा हमला करते हुए कहा कि जिन दलों को सरकार बनाने का मौका मिला उन लोगों ने जनता को मुद्दों से भटकाने का कार्य किया। धर्म और जाति की आड़ में अपनी ही रोटी सेंकने में परेशान हैं। प्रदेश की सरकार अपना साथ और अपना विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है। मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू होने के बाद पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। लेकिन, अब तक की सत्ता में काबिज रही सरकारों ने इसे रोकने का काम किया। देश मे दलित, पिछडों, जनजाति और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 फीसदी होने के बावजूद उनका प्रतिनिधित्व न के बराबर है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पिछड़ों और वंचितों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक एकजुटता से अपने वोट की ताकत दिखाएं। संगठित होकर जन अधिकार पार्टी की सरकार बनाएं। यहां के बाद यात्रा कालू कुआं, गायत्री नगर, गुरेह, कुलकुम्हारी, पवई, बिसंडा, बाघा, ओरन, चौसड़ अतर्रा, बदौसा होते हुए यात्रा चित्रकूट की ओर रवाना हो गई। यात्रा में राष्ट्रीय महासचिव अजीत प्रताप कुशवाहा, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव डा,संतोष लोधी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पटेल विजय नारायन वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रसेन पाल, किरन कुशवाहा, रामकरण कश्यप, नसीम खान, यूथविंग अध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा, योगेश बदशाह, कमलेश कुमार, शत्रुघन, बृजेश, अरुण, राजाराम, कुलदीप कुमार, राजकुमार, अर्जुन सिंह, विनोद राजा, कुलदीप कुमार, राघवेंद्र, प्रेमचंद्र आदि उपस्थित रहे।

**वाहनों का काफिला रहा आकर्षण का केंद्रः** सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ जन अधिकारी पार्टी की संपूर्ण भागीदारी यात्रा जजी चौराहा पहुंची तो तमाम लोग भौचक रह गए। काफिले में शामिल वाहनों की वजह से कुछ देर के लिए जजी चौराहा के आसपास यातायात व्यवस्था चरमरा गई। हालांकि यातायात पुलिस कर्मियों ने वाहनों को कतारबद्ध खड़ा कर आवागमन बहाल कराया। यात्रा जिस रास्ते से गुजरी लोग वाहनों की कतार देखते रह गए।

### पार्क में अंबेडकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

- यात्रा की अगुवाई कर रहे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने जजी चैराहा स्थित पार्क में डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि बाबा साहेब ने संविधान में सभी वर्गों को समानता का अधिकार देने की बात कही थी। लेकिन, वो आज तक किसी भी सरकार में नहीं मिला। यह समानता सिर्फ जातिगत समानता नहीं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति, व्यापार, रोजगार हर क्षेत्र में मिले। कहा चुनाव में नेता आते हैं और वोट लेकर चले जाते हैं। हमारे वोट से जीतते हैं। हमारे टैक्स के पैसे से सरकार चलती है। हवाई जहाज में यात्रा करते हैं। उसके बाद हमारी समस्याओं को भूल जाते हैं। बदले में पांच किलो अनाज मिलता है। हमें पांच किलो अनाज नहीं बल्कि अच्छी शिक्षा और मुफ्त शिक्षा चाहिए। युवाओं को शिक्षा के बाद रोजगार चाहिए। किसानों को सस्ती खाद बीज और उपज की सही कीमत चाहिए। छोटे दुकानदारों को जीएसटी माफी चाहिए।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव का मामला
- खेत से बाइक लेकर घर आते समय हुआ हादसा

**अमृत विचारः** खेत देखने के बाद बाइक से घर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी संदीप यादव (18) पुत्र सुरेश यादव शनिवार की शाम खेत से बाइक लेकर घर आ रहा था। तभी तिंदवारा बाईपास के समीप सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। वहां से गुजरे ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बाइक की नबंर प्लेट से घर वालों को जानकारी दी। मृतक के पड़ोसी संतोष ने बताया कि संदीप एक मैरीज हॉल में चौकीदारी करता था। पिता दिव्यांग है।

# आजादी के नायकों के परिवारों पर ध्यान दे सरकार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- ऐसे परिवारों को राष्ट्रीय परिवार घोषित करने की मांग

**अमृत विचारः** 'आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतन्त्रता सेनानियों के सपनों का भारत कैसा हो' विषय पर गहन चिंतन के लिए आगामी 10 मार्च को अखिल भारतीय स्वतंन्त्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक का आयोजन हो रहा है। भारत सरकार से मांग की गई है कि आजादी के लिए यातनाएं झेलने वाले परिवारों की जिम्मेवारी सरकार की है। उन्हें चिन्हित कर राष्ट्रीय परिवार घोषित किया जाए।

अखिल भारतीय स्वतंन्त्रता सेनानी परिवार कल्याण महापरिषद के प्रदेश महामंत्री डॉ.संजय द्विवेदी 'दनादन' ने बताया कि 10 मार्च को वाराणसी में राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें 22 प्रांतों के प्रतिनिधि तथा उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों के मण्डल अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष भी शामिल होंगें। बैठक का उद्देश्य 'आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतन्त्रता सेनानियों के सपनों का भारत कैसा हो' इस विषय पर गहन चिंतन करना है। साथ ही भारत सरकार से मांग की गयी है कि वे स्वतन्त्रता सेनानी जिन्होंने देश की आजादी के लिये कड़ी से कड़ी यातनाएं झेलीं और संघर्ष कर देश को आजाद कराया ऐसे परिवारों को सरकार की जिम्मेवारी है कि चिन्हित कर राष्ट्रीय परिवार घोषित किया जाये। साथ ही सेनानी उत्तराधिकारियों को पूर्व की भांति सभी सुख सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।



कोर कमेटी की बैठक की जानकारी देते संजय द्विवेदी। अमृत विचार

उन्होंने मांग की है कि जनपद के प्रमुख मार्गों का नामकरण सरकारी संस्थाओं एवं प्रमुख चौराहों ब्रिज आदि के नाम जनपद के स्वतन्त्रता सेनानियों के नाम पर किये जाएं। सेनानी परिवारों का सर्वे कराकर ऑनलाइन गृह मंत्रालय द्वारा परिचय पत्र जारी कराया जाये। इस अवसर पर चित्रकूट मण्डल के मण्डल अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी भी मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली की धमक से किसान की मौत

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

- खेत देखने गया था किसान परिजनों में मचा कोहराम
- किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचारः** खेत देखने गया किसान आकाशीय बिजली की धमक से अचेत होकर गिर पड़ा। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव निवासी राजकुमार (40) पुत्र लल्लू कोटार्य किसानी करता था। शनिवार की शाम वह खेत देखने गया था। इसी बीच बारिस के साथ आकाशीय बिजली नजदीक स्थित पेड़ मे जा गिरी। बिजली की धमक से राजकुमार खेत में ही गिर कर अचेत हो गया। वारिस बंद होने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे घर वाले उसे उठाकर सीएचसी नरैनी ले गए। जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भतीजे रामसेवक ने बताया कि राजकुमार के आधा बीघा खुद की जमीन है।

# जिलाधिकारी ने दिए बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सर्वे करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** जनपद में लगातार बेमौसम बरसात हो रही है। इस बरसात से खेतों में खड़ी मटर व मसूर की फसल खराब होने की संभावना है। जिलाधिकारी ने शनिवार को हुई बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसल का आंकलन करने के लिए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है, ताकि किसानों को जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति की धनराशि मुहैया कराई जा सके। निर्देश के क्रम में सभी उप जिलाधिकारियों ने खेतों में जाकर नुकसान का आंकलन करना शुरू कर दिया है।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शनिवार को दिन और रात में हुई बेमौसम बारिश से किसानों की बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराये जाने का निर्देश जनपद के सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल



खेतों में फसल की बर्बादी का आंकलन करने पहुंचे एसडीएम। अमृत विचार

एवं कृषि विभाग को दिया है। उपजिलाधिकारी सदर रजत वर्मा नरैनी विकास यादव सहित सभी तहसीलों के एसडीएम, तहसीलदारों और लेखपालों ने प्रत्येक ग्राम में किसानों की फसलों की हुई क्षति का सर्वे कर कृषकों को कृषि अनुदान दिलाये जाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। वर्तमान में खेतों में तैयार फसल मटर एवं मसूर की ज्यादा क्षति होने की सम्भावना है, जिसका सर्वे किया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व में तहसील नरैनी, बबेरू एवं पैलानी में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों की हुई क्षति का सर्वे किया जा चुका है, जिसे राहत आयुक्त की वेबसाइट में फीड कर दिया गया है साथ ही क्षतिपूर्ति का आंकलन कर राहत आयुक्त को 9 करोड़ 72 लाख 30 हजार 244 रुपये धनावंटन उपलब्ध कराये जाने के लिए पत्र प्रेषित कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रभावित किसानों का डाटा राहत आयुक्त के पोर्टल पर फीड किया जा रहा है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा, लेखपाल ने कराई एफआईआर

**नरैनीः** तहसील क्षेत्र के जरर गांव में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर लेखपाल ने नोटिस दी। इसके बावजूद कब्जेदार ने जमीन खाली नहीं की। जिस पर लेखपाल ने उसके खिलाफ थाना गिरवां में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गिरवां थाना क्षेत्र में नरैनी तहसील के राजस्व लेखपाल अभिषेक कुमार ने शिकायत पत्र देकर जरर गांव निवासी गिलुवा पुत्र बारेलाल पर आरोप लगाया है कि जरर गांव की सरकारी भूमि (पहाड़) पर पक्का मकान बनाया है। जब वह मकान बना रहा था तब उसे तहसील के उच्चाधिकारियों के साथ ही उसने रोक लगाई थी, लेकिन वह नहीं माना। उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवेलहना के आरोप में लेखपाल की तहरीर पर गिरवां थाना पुलिस ने गिलुवा पुत्र बारेलाल के खिलाफ धारा 447 व सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर मामला पंजीकृत कर लिया है।

# बारिश होते ही बस्ती में जलभराव

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- ईंट व रोड़े से ग्रामीण बनाते निकलने को रास्ता
- स्कूली बच्चे अक्सर इस जलभराव में गिर जाते
- निचले घरों में भर जाता पानी, बर्बाद होता सामान
- अनुसूचित जाति बस्ती में जिलाधिकारी से सीसी रोड निर्माण करवाने की मांग

**अमृत विचारः** शहर से सटे मवई गांव में अनुसूचित जाति बस्ती में आज भी बरसात के मौसम में आवागमन के लिए पक्का रास्ता नहीं है। थोड़ी सी बारिश में ही बस्ती तालाब का रूप धारण कर लेती है। जलभराव हो जाने से यहां के बाशिंदों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में गांव वाले ईंट व रोड़े से निकलने को रास्ता बनाने का प्रयास करते हैं। अक्सर लोग कीचड़ भरे इस रास्ते में गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। ग्रामीणों की मांग है कि सीसी रोड का जल्द निर्माण कराया जाए।

मंडल मुख्यालय से मात्र 7 किलोमीटर की दूरी पर बसे ग्राम मवई बुजुर्ग में आज भी अधिकांश रास्ते कच्चे हैं। नालियों का निर्माण न होने के कारण नालियों का गंदा पानी सामान्य दिनों में भी कच्चे रास्ते से होकर बहता है, जिससे एक ओर गंदगी फैलती है और आसपास रहने वाले लोगों का खुली हवा में सांस भी लेना दूभर हो जाता है, वहीं लोगों को



जलभराव में ईंट व रोड़े से पगडंडी बनाते ग्रामीण। अमृत विचार

गंदगी भरे रास्ते से होकर ही आना-जाना पड़ता है। गांव के अनुसूचित जाति बस्ती में हालात और भी बद्तर हैं। थोड़ी सी भी बारिश हो जाने पर गांव की तस्वीर बदल जाती है। बस्ती के निवासी रामबाबू वर्मा ने बताया कि बारिश में उन्हें कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। उन लोगों ने मिलकर अपने निकलने को ईंट व रोड़े रखकर निकलने भर के लिए रास्ता बनाया है। सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है, जब बस्ती में कोई बीमार पड़ जाता है, क्योंकि जलभराव के कारण चार पहिया वाहन मुख्य मार्ग से भीतर नहीं आ पाता। ऐसे में मरीज को चारपाई पर लिटाकर जलभराव वाले रास्ते से निकलना पड़ता है। स्कूल जाते वक्त बच्चे भी अक्सर यहां गिर जाते हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिन लोगों के घर ढाल पर हैं उन घरों में जरा सी बारिश होने पर बरसात का पानी घरों में घुस आता है, गृहस्थी का सारा सामान बर्बाद हो जाता है। ग्राम प्रधान और सचिव को कईबार अवगत कराया चुका है। गांव के चूनूबाद वर्मा, रामबाबू भारती, मैकूलाल वर्मा, चौधरी, राहुल वर्मा, बब्बू सपेरा आदि ने डीएम से समाधान की मांग की।

# बेहतर बनाई जाएं मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी सेवाएं

**बांदाः** समाजसेवी एवं आरटीआई एक्टिविस्ट कुलदीप शुक्ला ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर बांदा के राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी सेवा को महानगरों जैसी करने की जरूरत बताई है। कुलदीप शुक्ला ने बताया कि जब से मेडिकल कॉलेज खुला है तब से आज तक आपातकालीन सेवा बेहतर नहीं है। यही वजह है कि गंभीर मरीजों को कानपुर या फिर लखनऊ रेफर कर दिया जाता है। जो कि बांदा से 150 से 200 किलोमीटर दूर है। साथ ही मार्ग भी एकदम खस्ताहाल है। यदि बांदा के राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्टाफ, सुविधाएं उपलब्ध होंगी तो मरीजों को बांदा शहर से बाहर ले जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। बांदा के राजकीय मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक सेवाओं को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैसे किया जाए। ताकि मरीजों को बांदा में ही इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध होने लगें।

**लाभार्थियों से सम्पर्क** मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील, केंद्र व प्रदेश की मोदी-योगी सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

# लाभार्थियों के घर पहुंचा रहे पीएम का 'राम-राम'

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद अब एक-एक कार्यकर्ता मैदान में उतर आया है और भाजपा की नीतियों का बखान करके नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील कर रहा है। हाईकमान के निर्देश पर चल रहे लाभार्थी संपर्क अभियान ने तेजी पकड़ ली है और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क साध रहे और पीएम मोदी की ओर से उन्हें 'राम-राम' कह रहे हैं।

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भले ही अभी नहीं हुआ है, लेकिन भाजपाई अभी से चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। शनिवार को जब हाईकमान ने अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया तो कार्यकर्ताओं में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है। रविवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं की टोली शहर के शंभू नगर मोहल्ला स्थित बूथ संख्या 55, 56 और 57 में लाभार्थियों समेत आम लोगों से संपर्क साधा।



लाभार्थियों से संपर्क करते भाजपाई। अमृत विचार

उपाध्यक्ष डॉ.त्रिपाठी ने लाभार्थियों को बताया कि पीएम मोदी ने सबको अपनी ओर से 'राम-राम कहा है। मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए जिला उपाध्यक्ष ने सभी लाभार्थियों के मोबाइल नंबरों से पार्टी के अधिकृत नंबर पर मिस कॉल कराई और उनका नंबर लेकर उनके साथ सेल्फी ली।

कहा कि देश के विकास के लिए नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना आवश्यक है, ऐसे में सभी को भाजपा के उम्मीदवारों को वोट देकर संसद तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष अंबर दीक्षित, प्रांजल मिश्रा, संतोष राजपूत, आशीष शुक्ला, फूलचंद्र वर्मा, विनोद द्विवेदी, संजय, पंकज धुरिया, आशीष सोनकर, रवि कुमार, नीलेश मिश्रा आदि शामिल रहे।

# चौथी बारिश, ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

- नरैनी क्षेत्र के दर्जनों गांवों की सैकड़ों बीघा फसल पर फिरा पानी, खेत पानी से लबालब

**अमृत विचारः** बुंदेलखंड से रूठे इंद्र का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। एक माह में लगातार चौथी बार बेमौसम बारिश के साथ ओलावृष्टि और तेज आंधी ने क्षेत्र के दर्जनों गांवों में खेतों में खड़ी गेहूं, चना, सरसों, ज्वार और मसूर की फसल को चौपट कर दिया। खेत पानी से पूरी तरह एक बार फिर से लबालब हो गए हैं। यदि तेज धूप न हुई तो फसल खेतों में सड़कर नष्ट हो जाएगी। कस्बा समेत क्षेत्र के बघेलाबारी, बिरौना, नीबी, किंधौली, कल्याणपुर, रक्सी, खेरिया, बुलाकी, बिज्जुपुरवा, गुढ़ा का पुरवा, शुखारी का पुरवा और गुढ़ा के मजरों समेतदर्जनों गांवों में खेतों में खड़ी सरसों, मसूर और मटर की फसल कटने की कगार पर थी। तेज आंधी के साथ हुई बेमौसम बरसात ने एक घंटे के भीतर खेतों को लबालब कर दिया। यदि जल्द तेज धूप न निकली तो सारी फसल खेतों में ही सड़कर नष्ट हो जाएगी। वहीं गेहूं और चने के खेतों में ओलावृष्टि हो जाने से खड़ी फसल पूरी बिछ गईं। क्षेत्र के तहसील कस्बा निवासी प्रदीप सिंह सेंगर ने बताया है कि अचानक हुई बारिश से पूरी फसल खेतों में पसर गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसान कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि उसने अपने खेतो में गेहूं की फसल की बुआई की थी। फसल तकरीबन पूरी तरह से तैयार हो गई थी। अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि से पूरी फसल खेतों में पसर कर नष्ट हो गई है।



बिखरा पड़ा ओला। अमृत विचार

# तेज हवा, बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसान

## तेज हवा और बारिश से खेतों में बिछ गई गेहूं की फसल, किसान बेटियों के हाथ पीले करने को लेकर चिंतित

कार्यालय संवाददाता, महोबा





बिछे पड़े ओले, बारिश से नालियां उफनाईं, नाली साफ करके पानी निकालती महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को हुई जोरदार बारिश और ओलावृष्टि ने किसने की तबाही की इमारत लिख दी है। ओला, बारिश के साथ ही किसानों का सब कुछ बर्बाद हो गया। अब किसान दाने-दाने के लिए मोहताज हो गया है। खेतों में ओले गिरने से फसल जमीन पर बिछ गई है और रही सही कसर तेज हवाओं ने पूरी कर दी है। खेतों में ओले देखकर किसान माथा पीट रहे हैं। कहीं- कहीं कटाई के बाद फसल खेतों में रखी थी, जो ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई है। इससे अब किसानों के सामने दो जून की रोटी के लाले पड़ गए हैं। खेतों में जुताई बुवाई के लिए गए कर्ज की अदायगी की अब किसानों को चिंता सता रही है।

इस साल समय से बारिश न होने के कारण खरीफ फसल की पैदावार नहीं हो सकी थी। किसानों को रबी फसल की अच्छी उम्मीद थी, इसलिए किसानों ने साहूकारों और बैंकों से कर्ज लेकर खेतों में जुताई बुवाई करा दी थी, लेकिन बुधवार की शाम को जोरदार बारिश और ओला पड़ने से किसानों की फसल खेतों की भूमि में बिछ गई, राई सरसों, मटर और चना की फलियां टूटकर गिर गईं। ओलावृष्टि, तेज बारिश से किसानों की सरसो, राई, अरहर के फूल झड़कर बर्बाद हो गए हैं, इससे किसान अब मायूस होकर अपने घर बैठ गया है।

इस साल समय से नहरों में पानी छोड़ दिए जाने से किसानों ने खेतों की जुताई बुवाई कर दी थी और खेतों में फसल भी लहलहा रही थी। जबकि मटर चनों की कटाई तेजी से चल रही थी, इसके बाद भी किसान दिन रात आसमान में बदलों को देखकर फसल की कटाई करने में जुटा हुआ था, लेकिन अचानक हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की तबाही की इबारत लिख दी। अब किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है।

**किसान बेटियों के हाथ पीले करने को लेकर चिंतित :** रबी की फसल बर्बाद होने के बाद अब किसानों को अपनी बेटियों के हाथ पीले करने की चिंता सता रही है। तमाम किसानों ने बेटियों की शादी की तिथि भी तय कर दी थी कि फसल आने पर उनके हाथ पीले करेंगे। किसान बेटियों की शादी की तैयारी कर रहा था, लेकिन अचानक प्रकृति की मार ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। अब अब तेज बारिश और ओलावृष्टि के बाद फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों को बेटियों के हाथ पीले करने के लिए साहूकारों से या तो कर्ज लेना पड़ेगा या शादी निरस्त करना पड़ेगी तमाम किसान फसल की पैदावार ना होने से अब बच्चों की पढ़ाई को लेकर भी खासे चिंतित हैं।



खेतों में गिरी पड़ी फसल। अमृत विचार

## नालियां चोक, घरों में घुसा पानी

**जैतपुर, महोबा।** ग्राम पंचायत जैतपुर में सफाई कर्मचारी के नियमित सफाई न करने से रविवार को हुई बारिश के बाद जल बहाव के चलते सड़कों का पानी घरों में घुसने से परेशान लोग अपने दरवाजे की नली में भरा पड़ा कूड़ा की खुद सफाई करने में जुट गए। इसके बाद घरों में जा रहे पानी को किसी तरह रोका गया सफाई कर्मचारी के सफाई करने के लिए गांव में नहाने से ग्रामीणों में खाता गुस्सा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से कर नियमित गांव की सफाई कराई जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश होने के कारण कूड़ा- करकट नालियों में भर जाने से जल निकासी बंद हो जाने के कारण लोगों को स्वयं नाली की सफाई करना पड़ी।



खेत में फसल का आकलन करती राजस्व विभाग की टीम। अमृत विचार

## अधिकारियों ने देखी बर्बाद फसल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में 2 दिन से हो रही बारिश के चलते किसने की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है किसने की बर्बाद फसल का जायजा लेने के लिए रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपालों को क्षेत्र में भेजा गया है। रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर ओलावृष्टि और बारिश से बर्बाद हुई फसल का जायजा लिया। अब अधिकारी जांच रिपोर्ट डीएम के माध्यम से शासन को भेजेंगे।

एक सप्ताह पहले हुई तेज बारिश आंधी और ओले गिरने से किसनों की फसल 70 फीसदी से ज्यादा बर्बाद हो गई। इधर दो दिनों से लगातार हो रही बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की रही सही कसर पूरी करती अब पूरी फसल खेतों में बिछ गई है। राई के दाने और मटर के दाने खेतों में बिखर गए हैं। रविवार को हुई ओलावृष्टि के बाद अब किस पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। इसकी जानकारी मिलते ही शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से बर्बाद ही फसल का आकलन करने के लिए गांव-गांव भेजा। रविवार को राजस्व विभाग की टीमें अलग-अलग गांव में जाकर बर्बाद फसल का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार किया। अधिकारियों के फसल का आकलन करने के लिए आने पर ग्रामीण भी खेतों में पहुंच गए और उन्हें बर्बाद फसल को दिखाया। राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बर्बाद फसल का आकलन कर लिया गया है। अब रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। बाद में किसानों को बर्बाद फसल का मुआवजा मिल सकेगा।

# मौसम बदलने के साथ ही बढ़ने लगे मरीज

कार्यालय संवाददाता, महोबा



अस्पताल के वार्ड में भरे पड़े मरीज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आए दिन बदल रहे मौसम के कारण जिले में संक्रामक बीमारियों ने अपने पैर पसार लिये हैं। उल्टी दस्त व बुखार से पीड़ित मरीजों की जिला अस्पताल में भरमार है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। सुबह से ही डॉक्टर के कक्ष में मरीजों की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है। इसके चलते डॉक्टर को पल भर की फुर्सत नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा मरीज बुखार, उल्टी, दस्त से पीड़ित आ रहे हैं।

हालात यह है कि पर्चा बनवाने से लेकर दवाइयां लेने तक लोगों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। कभी तेज धूप तो कभी ठंडी हवाएं चलने के चलते सिर दर्द, जुकाम, सर्दी, बुखार और उल्टी दस्त से लोग जूझ रहे हैं। यही वजह है कि रोजाना मरीजों की संख्या बढ़ने से जिला अस्पताल की संख्या तेजी से बढ़ी है। वार्ड भी फुल हो गए हैं। इस साल सर्दी के मौसम में भी वार्ड मरीजों से भर रहे। बीते एक पखवारे से मौसम का मिजाज बदला है। कभी तेज धूप तो कभी बदली छाने और फिर रुक-रुक कर बारिश होने से लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

यही वजह है कि सुबह से ही जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिये मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पर्चा बनवाने के लिये लंबी – लंबी कतारों में लगे लोगों के लिये घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों के कक्षों में भी मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। चिकित्सकों के अपने कक्षों से गायब रहने के चलते मरीज मजबूरी में प्राइवेट क्लीनिक का सहारा ले रहे हैं। उल्टी दस्त व बुखार से पीड़ित मरीजों में सर्वाधिक संख्या मासूम बच्चों की है।

## मुआवजा की मांग को लेकर लगाया जाम

**महोबा।** आंधी तूफान बारिश और ओलावृष्टि से तबाह हुए किसान ने अब फसल के मुआवजा को लेकर जिले में जगह-जगह जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे घंटों आवागमन बाधित रहा। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों को बर्बाद फसल का मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

किसानों ने बर्बाद फसल का मुआवजा दिलाए जाने के लिए ग्राम बिजलोरी नगाड़ा डांस इंद्रहता पाल का सहित आधा दर्जन गांवों के मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे घंटे आवागमन तक रहा किसान मुफ्ती की मांग को लेकर सड़कों पर बैठा रहा। इसकी सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों से वार्ता की और बताया की फसल के हुए नुकसान का आकलन होगा।

# पुष्पेंद्र चंदेल का समर्थन करेगी सुहेलदेव पार्टी

कार्यालय संवाददाता महोबा



भाजपा प्रत्याशी को समर्थन पत्र देते सुहेलदेव पार्टी के अध्यक्ष। अमृत विचार

● **भाजपा प्रत्याशी को लिखित रूप से दिया समर्थन पत्र**

**अमृत विचार।** हमीरपुर महोबा संसदीय सीट से भाजपा से पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल का टिकट हो जाने के बाद सुहेलदेव पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय जाकर पार्टी जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता एवं हमीरपुर- महोबा लोकसभा के प्रत्याशी का समर्थन करने का समर्थन पत्र देकर कंधे से कंधे मिलाकर चुनाव में जोरदार तरीके से समर्थन करने का वादा किया। साथ ही तन, मन, धन से चुनाव में जुटने का भरोसा दिलाया। सुहेलदेव पार्टी के जिलाध्यक्ष ने पूरी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी का स्वागत किया।

मालूम हो कि भाजपा हाईकमान ने संसदीय क्षेत्र से पुष्पेंद्र सिंह चंदेल का टिकट घोषित कर दिया। टिकट तय होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे छुड़ाकर खुशियां मनाई। टिकट की घोषणा होने के बाद आज भाजपा कार्यालय में सारा दिन चहल- पहल दिखाई दी। प्रत्याशी को बधाई देने वालों का सारा दिन तांता लगा रहा। सबसे पहले सुहेलदेव पार्टी के जिला अध्यक्ष ने टिकट की घोषणा होने के बाद पुष्पेंद्र चंदेल को जाकर बधाई दी। अब तीसरी बार चंदेल का टिकट होने से पार्टी अन्य दावेदार भी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं में भी विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है।

हमीरपुर- महोबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ने टिकट की घोषणा होते ही चुनावी गोटें बिछाना शुरू कर दिया। शनिवार को टिकट की घोषणा हुई और रविवार को भाजपा प्रत्याशी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति बनाई। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ लोगों से जाकर मुलाकात भी की। इतना ही नहीं भाजपा प्रत्याशी इस दफा नए तरीके से चुनाव मैदान में डट गए हैं। पिछले चुनाव में जहां भाजपा प्रत्याशी का टिकट देर से फाइनल होने के कारण तमाम गांव में संपर्क नहीं कर सके थे। इस दफा समय से टिकट की घोषणा हो जाने के बाद वह अभी से चुनावी अभियान में जुट गए हैं। पुष्पेंद्र सिंह का टिकट फाइनल हो जाने के बाद अब जिले में चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गई है। एक तरफ जहां 10 दिन पहले से। सपा प्रत्याशी गांव-गांव में संपर्क करने में जुटे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी ने भी चुनौवी हलचल पैदा कर दी है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

बेलाताल, महोबा

**अमृत विचार।** बोलेरो ने बाइक सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। बाइक सवार उछल कर सड़क किनारे जा गिरा और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई । बोलेरो चालक घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर पचपहरा मंडी तक अपनी जीप लेकर भाग गया। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी और बाद में चालक को दबोच लिया।

शनिवार रात पूरन अपने किसी मित्र की शादी से महोबा से अपने घर बेलाताल लौट रहा था। रात करीब 11 बजे जैसे ही वह पचपहरा गांव के निकट पहुंचा तभी कुलपहाड़ की ओर से आ रही बोलरो ने जोरदार टक्कर मार दी । पूरन उछल कर सड़क किनारे खाई में जा गिरा और मौत हो गई ।

बोलेरो चालक ने घटनास्थल से भागने का प्रयास किया लेकिन बोलेरो का टायर फटने से वह ज्यादा दूर भाग नहीं सका । इसी बीच डायल 112 पुलिस को देखकर वह घटना स्थल से करीब एक किमी दूर पचपहरा मंडी के निकट सड़क किनारे अपनी बोलेरो छोड़ कर भाग गया। इलाकाई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया। इस घटना की मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पुलिसकर्मियों ने की साफ- सफाई

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर महोबा पुलिस के समस्त थानों, कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस, परिसर एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानों पर उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की सफाई की गयी। थानों पर कार्यरत कर्मियों द्वारा थाना परिसर के साथ-साथ बैरकों, मालखाना, मेस, थाना कार्यालय की साफ-सफाई के साथ शस्त्रों की सफाई भी की गयी। साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया। आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

# शिवरात्रि के लिए मंदिरों को सजाया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● **महाशिव रात्रि पर्व को लेकर भक्तों में दिखा खासा उत्साह**

**अमृत विचार।** महाशिव रात्रि पर्व को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। शिव मंदिरों की रंगाई पुताई और सफाई कर तैयार कर दिया गया है। शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी शिवालयों को सजाकर वहां होने वाले भंडारा और शिव बारात की तैयारी पूर्ण करने में श्रद्धालु लगे हुए हैं। इस पर्व को लेकर शिव भक्तों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। शिव की पूजा अर्चना और व्रत रखकर उन्हें प्रसन्न करने का शिवरात्रि का अपना एक खास महत्व है।

8 मार्च को महाशिव रात्रि पर्व धूमधाम से मनाए जाने के लिए शिव भक्तों ने सारी तैयारियां कर ली हैं। भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिए महाशिवरात्रि का पर्व विशेष महत्व रखता है। इस दिन शिवालयों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहती हैं। शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के लिए सुबह से ही विशेष पूजा आराधना की जाएगी। नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर में इस दिन शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और पूजा अर्चना के बाद शिव बारात भी निकाली जाएगी। शनिवार को शहर के अलावा भरवारा में विशाल शिव बारात निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियों में भक्तों पूरी तरह से जुटे हुए हैं। शिव मंदिरों में जलाभिषेक भी किया जाएगा साथ ही श्रद्धालु जल, घी, शहर, दूध, दही आदि से भगवान शिव का अभिषेक करेंगे। मंदिर में हवन पूजन सहित धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। अनुष्ठान कराने के लिए मंदिरों में सारी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। पंडित नरेंद्र महाराज ने बताया कि महाशिव रात्रि पर्व पर महामृत्युंजय मंत्र का जाप शुद्ध उच्चारण से ही करना चाहिए। भागवान शिव का निवास स्थान कैलाश पर्वत पर है, जो कि उत्तर दिशा में है, इसलिए ध्यान रखें कि भोलेनाथ की प्रतिमा को उत्तर दिशा पर ही स्थापित करें। महाराज ने बताया कि महाशिव रात्रि पर्व को भक्त माता पार्वती और भगवान शिव के विवाह को याद करने के साथ साथ इसलिए भी मनाते हैं कि क्योंकि महादेव मन पर विजय पाने वाले देवता हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत –टिकरिया, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04–03–2024 से 10–03–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | योजना अन्तर्गत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | पुलिया निर्माण कार्य सुशील तिवारी के खेत के पास | 6.98 लाख | 2% | सीमेंन्ट, बालू, गिट्टी, ईट, खडा पत्थर, सरिया आदि | – | 3 माह |
| 1 | मनरेगा | बकरी शैड निर्माण कार्य बृम्हानन्द पुत्र हरछत के बाडे में | 1.98 लाख | 2% | सीमेंन्ट, बालू, गिट्टी, ईट, चद्दर पाइप एंगिल आदि | – | 3 माह |

**शर्त** – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एफ डी आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
ग्राम पंचायत–टिकरिया, विकास खण्ड –(पनवाड़ी), महोबा

## कार्यालय ग्राम पंचायत –बुडेरा, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04–03–2024 से 10–03–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुडेरा | ग्रामीण हाट बाजार निर्माण कार्य गाटा न0–264 में | 6.98 लाख | 2% | ईट, बालू, गिट्टी, सीमेंन्ट, पाइप, चद्दर आदि | 21X6 | 3 माह |
| 1 | बुडेरा | खडन्जा निर्माण कार्य गौशाला में | 6.98 लाख | 2% | ईट, बालू, गिट्टी, मौरंग सीमेंन्ट, आदि | – | 3 माह |

**शर्त** – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एफ डी आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
ग्राम पंचायत–बुडेरा, विकास खण्ड –(पनवाड़ी), महोबा


अभियान | पुलिसकर्मियों ने गांव- गांव घूम कर दी योजनाओं की जानकारी

# महिलाओं और छात्राओं को बताए उनके अधिकार

संवाददाता, महोबा



महिलाओं की समस्याएं सुनती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महिलाओं और छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार बताने के लिए पुलिस विभाग अभियान चला रहा है। इसी कड़ी में जगह- जगह आयोजित कार्यक्रमों में उन्स्हें उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। पुलिस टीम महिलाओं को घर-घर जाकर इसके बारे में बता रही है। ताकि वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

शासन-प्रशासन महिलाओं के सुरक्षा, सम्मान व उनके उत्थान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मी व एंटीरोमियो टीम मंदिरों, बाजारों, स्कूलों, कालेजों व प्रमुख मार्गों पर चेकिंग कर रही है। ताकि उनके साथ किसी तरह की कोई अभद्रता न हो। कोचिंग सेंटरों के आसपास बिना वर्दी के महिला पुलिस अराजकतत्वों पर नजर रखती हैं। महिलाओं व छात्राओं को उनकी मदद के लिए चालू किए गए विभिन्न नंबरों की जानकारी भी देती हैं। इससे महिलाएं जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद ले सकें।

उप्र शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति अभियान फेज -4 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में समस्त थानों में नियुक्त एंटीरोमियो टीम, शक्ति दीदी टीम द्वारा गांवों में भ्रमण कर जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं, बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा।

शक्ति दीदी नियमित रूप से ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर रही हैं। जनचौपाल में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन, महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी। शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090, 1098 की जानकारी दी। उन्हें बताया कि संकट के समय इन नंबरों पर फोन कर सकते हैं। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं में उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी ।


हेलो डाक्टर

आँखो से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!

आँखो से धुँधला दिखना, आँखो से पानी आना, आँखो का लाल हो जाना, आँखों में खुजली होना एवं आँखो में दर्द बने रहना जैसी समस्याओं के हल के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के नेत्र रोग विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूचि प्रिया से करें सवाल।



दिनांक 04 मार्च दिन सोमवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805718

## कार्यालय ग्राम पंचायत –नेकपुरा, विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/योजना 2023–2024 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04–03–2024 से 10–03–2024 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेकपुरा | हल्के के मकान से तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 1.80 लाख | 2% | ईट, बालू, गिट्टी, सीमेंन्ट, सरिया आदि | 23 मी0 | 3 माह |

**शर्त** – ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ–साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3– निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी / एफ डी आर संलग्न करना होगा।
4– निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार आहस्ताक्षरी में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
ग्राम पंचायत–नेकपुरा, विकास खण्ड –(पनवाड़ी), महोबा

## एक नजर

### एमपी के युवक को पुलिस ने किया बरामद

सुमेरपुर(हमीरपुर)। तीन दिन पूर्व मध्य प्रदेश के पन्ना से लापता हुए मानसिक विक्षिप्त युवक को पुलिस ने बांकी मार्ग से बरामद करके परिजनों के सुपुर्द किया है। तीन दिन पूर्व मध्य प्रदेश के पन्ना जनपद के धरमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अमरसी निवासी नबी पुत्र शमसुद्दीन घर से लापता हो गया था। शनिवार को यह डायल 112 की टीम को कस्बे के बांकी मार्ग में टहलता मिला। जिसे पुलिस ने थाने में पहुंचाया और परिजनों को सूचित करके थाने बुलाया। रविवार को पुलिस ने पिता के सुपुर्द किया है। बेटे को पाकर पिता की आंखें नम हो गई और वे पुलिसकर्मियों का धन्यवाद करते नजर आए।

### किशोरी से छेड़खानी में युवक गिरफ्तार

सुमेरपुर(हमीरपुर)। घर से पशु बाड़े जा रही किशोरी को युवक ने रास्ते में रोककर छेड़खानी शुरू कर दी। किशोरी के शोर मचाने पर युवक धमकी देकर फरार हो गया। किशोरी की मां ने मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से पशु बाड़े जा रही थी। तभी रास्ते में गांव निवासी कन्हैया ने रोक लिया और छेड़खानी शुरू कर दी। पुत्री के शोर मचाने पर धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने छेड़खानी व पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### पुत्र ने पिता के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बा के वार्ड नंबर 9 में पुत्र द्वारा मारपीट करने पर पीड़ित पिता ने थाने में अकारण गाली गलौज व मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा के वार्ड नंबर 9 के निवासी अरुण सिंह सेगर पुत्र बदलू सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में सो रहा था। तभी पुत्र आदित्य सिंह दरवाजा खोलकर अंदर आकर गाली गलौज करने लगा। जब विरोध किया तो मारपीट करने लगा। तभी पत्नी ने बचाना चाहा तो उसके साथ भी मारपीट करने लगा। शोर सुनकर पड़ोस के लोगों ने आकर बीच बचाव कराया। पीड़ित पिता की तहरीर पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया

सरीला। जलालपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के रहटिया तिराहा से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी सिद्धार्थ उर्फ आशू को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ब्रजमोहन ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई है।

# गड्ढे में तब्दील हुईं सड़कें, आवागमन हुआ मुश्किल

**बेरी- कदौरा और कुरारा- मनकी मार्ग की मरम्मत के लिए लोनिवि को मिला बजट**

कुरारा (हमीरपुर)। सड़कों की हालत बहुत ही खराब है। यह पता ही नहीं चलता कि गड्ढे में सड़क है या सड़क पर गड्ढे। हालत यह है कि इन मार्गों पर आवागमन भी मुश्किल हो गया है जबकि कागज पर तमाम सड़कें गड्ढा मुक्त हो गई हैं। गड्ढों की वजह से ही आए दिन हादसे होते हैं। इन क्षतिग्रस्त सड़कों पर मौरंग लदे ट्रकों को दौड़ाया जा रहा है। फिलहाल दो सड़कों की मरम्मत के लिए शासन ने धन स्वीकृत किया है। उप्र लोक निर्माण विभाग को 596.87 लाख रुपये कदौरा- बेरी व कुरारा- मनकी मार्ग के मरम्मत का कार्य करेगा। इन सड़कों के मरम्मतीकरण से इस क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों को राहत मिलेगी। खस्ताहाल सड़कों के गड्ढों में बारिश का पानी भरा होने से ग्रामीणों को आवागमन बेहद कठिनाई हो रही है।

> क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए कई मार्गों का शासन को एस्टीमेट बनाकर भेजा था। शासन ने दो सड़कों के लिए धनराशि भी जारी कर दी है। शीघ्र ही क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।
>
> – एमएल वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि


भारी भरकम गड्ढों में तब्दील बेरी मार्ग। अमृत विचार


भारी वाहनों की आवाजाही से टूटा जल्ला कंडौर मार्ग।


सिंगल कुरान मनकी मार्ग क्षतिग्रस्त। अमृत विचार


गड्ढों में भरा पानी। अमृत विचार

**कुरारा- बेरी मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे**

कुरारा– बेरी मार्ग भारी भरकम गड्ढों में तब्दील होने से एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। हल्की बारिश में भारी भरकम गड्ढों में पानी भर जाता है। वार्ड नंबर नौ निवासी बलवान सिंह गौर, रामकिशन प्रजापति आदि ने बताया कि कुछ माह पूर्व इन भारी भरकम गड्ढों में बेरी रोड निवासी कामता अनुरागी का शव मिला था।

**लल्ला- कंडौर मार्ग पूरी तरह टूटा**

जल्ला– कंडौर मार्ग का नामो निशान मिट जाने से कुछ माह पूर्व शंकरपुर गांव के छात्र– छात्राओं ने सड़क जाम कर विरोध जताया था। शंकरपुर निवासी लवकुश, पिंटू सिंह आदि ने बताया कि हल्की बरसात में घोड़ा गाड़ी तो दूर पैदल चलना मुश्किल होता है। इस मार्ग से कंडौर मौरंग खदान होने से सड़क अपना अस्तित्व खो चुकी है। हालत यह है कि गड्ढों से चलना मुश्किल हो गया है।

**कुरारा- मनकी मार्ग पर बड़े- बड़े गड्ढे**

कुरारा– मनकी मार्ग भारी भरकम गड्ढों में तब्दील होने से एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। शिवनी गांव के ज्ञानवेंद्र कुशवाहा, मिश्रीपुर के अर्जुन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर ने बताया कि एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग आते– जाते हैं। वहीं सिंगल रोड होने से ट्रकों की धमाचौकड़ी से आवागमन में दुर्घटना का डर लगा रहता है।

**सरसई- भैंसापाली मार्ग की हालत भी खराब**

सरसई– भैंसापाली मार्ग व उदनपुर– टोडरपुर मार्ग का नामों निशान मिट चुका है। हल्की बारिश से सड़क दलदल व कीचड़ हो जाने से घोड़ा गाड़ी तो दूर शाम ढलते लोग पैदल चलने से कतराते हैं। भैंसापाली के विकास ने बताया कि चार साल से सड़क में भारी भरकम गड्ढे होने से आवागमन करने में परेशानी होती है।

## बारिश से त्राहिमाम कर उठे किसान

सुमेरपुर(हमीरपुर)। बीती रात हुई जोरदार बारिश से किसान त्राहिमाम कर उठा है। खेतों में कटी पड़ी मटर, मसूर, सरसों की फसलें बुरी तरह से भीग कर नष्ट हो गई हैं। किसान प्रकृति के इस कहर से चीत्कार कर उठा है।

बीती रात हुई जोरदार बारिश से किसानों की कमर टूट गई है। बारिश ने पकी खडी एवं खेतों में कटी पड़ी मटर, मसूर, सरसों की फसलों को तगड़ा नुकसान पहुंचाया है। किसानों ने कहा कि बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बारिश से सर्वाधिक नुकसान मटर, मसूर, सरसों में हुआ है। इन फसलों की कटाई पूरे क्षेत्र में जारी है। पानी से कटी फसलें भीगकर बुरी तरह से बर्बाद हुई है। इनमें जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। साथ ही चना फफूंद कर काला हो गया है। किसान परशुराम, सुरेश कुमार, राजकुमार, राजू यादव, धनीराम साहू आदि ने बताया कि इस बारिश से किसी तरह का कोई फायदा नहीं है। बारिश ने चारों तरफ तबाही की इबारत लिखी है। किसानों का कहना है कि सरकारी तंत्र इसको नुकसान नहीं मान रहा है इससे मुआवजा मिलने की उम्मीद नहीं है।

# अलंकार योजना: संवरेंगे 30 विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत राजकीय विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं एवं पुनर्निर्माण,जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल किया। जनपद के एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में 30 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में छह पैरामीटर पर आधारित अवस्थापना सुविधाओं एवं पुनर्निर्माण कार्यक्रम प्रातः 10 बजे आयोजित किया गया।

राजकीय जुबली इंटर कॉलेज गोरखपुर में आयोजित समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। उधर गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया तो यहां सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने 30 राजकीय विद्यालयों के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने विद्यालयों के विकास में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को अत्यंत उपयोगी बताया। शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से आग्रह किया कि शिक्षा की अलख को जन-जन तक पहुंचायाएं। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने शिक्षा के महत्व और संस्थाओं के सुंदरीकरण को विस्तार से बताया। कहा, शिक्षा समाज के लिए अति आवश्यक है। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने इसके क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा ने प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विभिन्न राजकीय विद्यालय में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की आख्या प्रस्तुत की। बताया कि जिले के 30 राजकीय विद्यालयों को योजनान्तर्गत चयनित किया गया है।

जिनमें छह पैरामीटरों पर 23.66 करोड़ की लागत से पुनरोद्धार व जीर्णोद्धार कार्य कराया जाना है। जिसके लिए शासन से 11.85 करोड़ की धनराशि जारी कर दी गई है। कार्यदायी संस्था आवास विकास बांदा जल्द ही इनका निर्माण कार्य शुरू कराएगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर जयनारायण, राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि अशोक तिवारी के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं बड़ी संख्या में प्रधानाचार्य शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। संचालन विज्ञान क्लब प्रभारी जीके द्विवेदी ने किया।


शिलान्यास करते विधायक डॉ .मनोज प्रजापति व डीएम। अमृत विचार

- सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने शिलान्यास कर किया अनावरण

**इन राजकीय विद्यालयों का होगा कायाकल्प**

राजकीय विद्यालय कुरारा, जीजीआईसी हमीरपुर, बेरी, सुमेरपुर, टेढ़ा, पारा रैपुरा, कुछेछा, मौदहा, सिसोलर, कुनेहटा, पाटनपुर, मुस्करा, बजेहटा, गुन्देला, राठ, धमना, टोला रावत, गोहांड, बिलगांव, सरीला, बौखर, भेड़ी डाडा, जरिया, चंडौत, मॉडल इंटर कॉलेज टेढ़ा, इमिलिया, कैथी, बिलौटा व मॉडल कॉलेज कुरारा चिन्हित हैं।

## चार आरोपी गिरफ्तार

कुरारा। थाना क्षेत्र के रघवा गांव में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पॉक्सो एक्ट के वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना क्षेत्र के रघवा गांव निवासी शिव शंकर पुत्र स्व. रामकृपाल पॉक्सो एक्ट मामले में वांछित चल रहा था। रविवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि आरोपी शिवशंकर घर में है। जिस पर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक संगम लाल प्रजापति ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव निवासी छोटकू पुत्र बुद्धा, कस्बा कुरारा पावर हाउस के पीछे निवासी राजेश कुमार पुत्र लल्लू , भौली गांव निवासी पिंटू उर्फ विजय पुत्र देशराज न्यायालय में चल रहे पुराने मामलों में वांछित चल रहे थे। जिन्हें न्यायालय से समन आने के बाद भी न्यायालय में पेश न होने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की कार्रवाई से अन्य मामलों में वांछित अपराधी भी परेशान हैं और भागे- भाग फिर रहे हैं।

# नगर पालिका की अनदेखी से मुख्य मार्गों पर कब्जा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। नगर में पालिका अधिकारियों की उदासीनता से भूमाफिया द्वारा मरघट, कब्रिस्तानों पर अवैध कब्जों का सिलसिला शुरू किए हैं। जबकि इस मामले में मुख्यमंत्री के बुलडोजर भी चलते देखा जाता है।

कस्बा निवासी प्रज्ञा शिवहरे पत्नी विजयानंद ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि कंस मैदान से मरघट जाने वाली सार्वजनिक रास्ते पर एक व्यक्ति ने अवैध कब्जा कर रखा है। पीड़िता ने बताया कि यह शिकायत नगर पालिका व प्रभारी मंत्री से भी इसकी शिकायत कर चुकी हैं। मगर मेला मैदान रास्ते का अतिक्रमण नहीं हटा। पीड़िता ने बताया कि नगर पालिका अपनी मनमानी के कारण उप जिलाधिकारी के लिखित और मौखिक दोनों आदेशों को नजरअंदाज कर अपनी मनमानी कर रही है। मेला मैदान के अंतर्गत अतिक्रमण को उप जिलाधिकारी द्वारा भी ध्वस्त करने का आदेश दिया। सार्वजनिक रास्ते पर अवैध निर्माण जिस से सार्वजनिक रास्ता बाधित कर दिया गया है। जबकि उक्त स्थान पर जो कंस मेला मैदान में है। यहां वर्ष भर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं तथा मरघट जाने वाला मुख्य मार्ग है। यहां से निकलने वाली शव यात्रा को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यही नहीं सार्वजनिक भूमि को स्थलीय जांच स्वयं नगर पालिका द्वारा करवाया गया जो अवैध निर्माण निकला। नगर पालिका अधिकारी पर भू माफिया के साथ-साठ गांठ का आरोप लगाया। वहीं जब नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार दोहरे ने बताया कि अतिक्रमण दो दिन में हटवाए जाएंगे।

# पाप खत्म करने को अवतरित होते प्रभु



कथा कहते सुधेश जी।


श्रीमद् भागवत कथा सुनतीं महिलाएं व पुरुष।

कुरारा (हमीरपुर)। बेरी गांव में कोटेश्वर मंदिर पावन धाम में महाशिवरात्रि पर महोत्सव के चौथे दिन कथावाचक पं. सुधेश जी ने श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म का वर्णन की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से पापों का शमन होता है। जब- जब पाप बढ़ता है तो भगवान धरा पर अवतरित होते हैं। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ जेल के ताले अपने आप खुल गए। वासुदेव- देवकी की जंजीर अपने आप खुल गई। पहरेदार सो गए। इस पर वासुदेव श्री कृष्ण को सूप में लिटाकर भादौ की अंधेरी रात में यमुना पार कर गोकुल नंद बाबा के घर ले गए। वहीं यशोदा के यहां पैदा हुई शक्तिरूपा को लेकर वापस मथुरा बंदी गृह में आ गए। यहां आते ही कन्या के रोने की आवाज सुन कर पहरेदारों की नींद खुली। उन्होंने राजा कंस को देवकी के आठवें संतान पैदा होने की सूचना दी। तभी राजा कंस अपने सैनिकों के साथ कारागार में पहुंच कर देवकी की गोद से कन्या को खींच कर पत्थर में पटक कर मारना चाहा। कन्या हाथ से छूट कर शक्तिरूपा ने चार भुजा धारी बनकर कहा कि हे अत्याचारी कंस तेरा वध करने वाला गोकुल में पैदा हो गया है। श्री कृष्ण की कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। 8 मार्च को शिव बारात निकाली जाएगी। रात्रि में रामलीला का कार्यक्रम किया जाएगा।

## तंबाकू मिश्रित गुटखा बनाने का कारोबार चरम पर

राठ (हमीरपुर)। कस्बे में इस समय मिलावटी गुटखा का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। गुटखा माफिया सत्तापक्ष के कुछ नेताओं के संरक्षण में इस कारोबार को कर रहे हैं। बाजार में इस समय मिलावटी गुटखा जमकर बिक रहा है।

सरकार ने तंबाकू और सुपाड़ी मिश्रित गुटखा पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा है। कस्बे के कुछ माफिया ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी छिपे मशीनें लगाकर गुटखा बनाकर बेच रहे हैं। कस्बे में ऐसा कोई दुकानदार नहीं होगा जिसके यहां बोरों में तंबाकू मिश्रित गुटखा न रखा हो। बताया जाता है कि कुछ साल पहले पुलिस और प्रशासन ने एक गुटखा माफिया के यहां छापेमारी की थी। बड़ी तादाद में तंबाकू मिश्रित गुटखा पकड़ा था।

# मारपीट में जख्मी वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के एक मोहल्ले में परिजनों से अलग रह रहे वृद्ध को हमलावरों ने मारपीट मरणासन्न कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल वृद्ध को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसके रिश्तेदार इलाज के लिए बांदा ले गए। वहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। सीओ व कोतवाली प्रभारी डाग स्क्वायड के साथ मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

कस्बे के मोहल्ला हैदरगंज निवासी जमालुद्दीन (65) पुत्र अजीज की अपनी पत्नी व पुत्रों से किन्हीं कारणवश काफी अरसे से रहमानिया मार्ग स्थित जावेद एडवोकेट की मार्केट में रह ररहे थे। वह शुगर के रोग से पीड़ित एवं नेत्रहीन थे। रविवार की सुबह दिनदहाड़े अज्ञात हमलावरों ने चौधरी जावेद एडवोकेट की गोल मार्केट की गैलरी में कई वर्षों से रहने वाले जमालुद्दीन उर्फ नत्थू के साथ जमकर मारपीट की। हमलावरों ने डंडा या लोहे का राड से पैर व हाथ तोड़ दिया। चारपाई के नीचे ब्लड भी पड़ा है। घटना किस समय हुई फिलहाल स्पष्ट नहीं हैं। दिन के 10 बजे जानकारी होने पर उसके पुत्र जमील व जहीर पड़ोसी जबीर के साथ पहले कस्बे की सीएचसी ले गए। इसके बाद बांदा ले गए। जहां दौरान इलाज उसकी मौत हो गई। जमालुद्दीन के तीन पुत्र व एक पुत्री है। जमालुद्दीन की पत्नी अपने पुत्रों के साथ घर पर रहती है, फिलहाल यह घटना नगर में चर्चा का विषय है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज का कहना है कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी एवं डाग स्क्वायड की टीम ने गहनता से जांच पड़ताल कर सीसीटीवी फुटेज देखे। पुलिस को इन फुटेज से अपराधियों तक पहुंचना आसान हो सकता है। घटनास्थल पर कुछ अराजक तत्वों का भी आना जाना बताया जा रहा है। वहीं जमाल अंडर वियर में कुछ रुपये भी रखता था। हालांकि जेब में पड़े दो ढाई हजार रुपये सुरक्षित मिले हैं। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें शीघ्र सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।


जांच करते क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी व कोतवाल राम आसरे सरोज। अमृत विचार

- पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल पहुंचकर की जांच पड़ताल

**विश्व वन्यजीव दिवस** | **विधायक ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया**

# कानपुर जू में वन्य जीवों को देख चहके बच्चे

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

अमृत विचार। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर रविवार को स्थानीय वन विभाग ने यहां के स्कूली बच्चों को कानपुर स्थित प्राणी उद्यान सैर करने के लिए भेजा है। कार्यक्रम के तहत दो बसों के माध्यम से दो स्कूल के छात्र-छात्राओं को हरी झंडी देकर सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने रवाना किया। विधायक ने कहा कि सरकार की इस योजना से स्कूली बच्चे वन जीवों के बारे में जो किताबों में तस्वीर देखते हैं और पढ़ते हैं। वह ऐसे भ्रमण से प्राणी उद्यान पहुंचकर सीधे उनसे रूबरू होंगे। ज्ञान बढ़ेगा- साहस बढ़ेगा और बच्चों में आपसी सद्भाव भी बनेगा।

वन क्षेत्राधिकार सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शासन के इस कार्यक्रम के तहत प्रभागीय वनाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर कस्बे के ब्राइट इंटरनेशनल कम्हरिया मार्ग व सरस्वती विद्यापीठ महाविद्यालय की छात्राओं को जिनकी संख्या 60 से अधिक थी। इस भ्रमण कार्यक्रम में बसों के माध्यम से सुबह 8:00 बजे कानपुर प्राणि उद्यान भ्रमण के लिए रवाना किया गया। जू पहुंचे बच्चे शेर, भालू, दरियाई घोड़ा, गैंडा, तेंदुआ, बाघ आदि वन्य जीवों को देखा। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता रामदेव सिंह सहित अन्य पार्टी नेता व ब्राइट इंटरनेशनल के प्रबंधक राजा बजाज मौजूद रहे। वन विभाग के वन्य अधिकारी मोहम्मद इफ्तिखार व क्षेत्राधिकार परमात्मा दीन, सहायक वन क्षेत्राधिकारी अब्दुल माजिद व सलमान मनोज आदि मौजूद रहे। साथ ही प्राइवेट इंटरनेशनल के प्रबंधक राजा बजाज भी अवसर पर मौजूद थे।



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक डॉ .मनोज प्रजापति। अमृत विचार

## 128 मरीजों का किया उपचार

कुरारा (हमीरपुर)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 128 मरीजों व ग्रामीण क्षेत्र की पीएचसी में 121 मरीजों को उपचार किया गया । स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

इसमें 128 मरीजों को उपचार किया गया। इसमें मधुमेह, ब्लड प्रेशर की जांच की गई। साथ ही खांसी, जुकाम, बुखार आदि के मरीजों का उपचार किया गया। नवीन पीएचसी बेरी में 25, मिश्रीपुर में 22, पारा में 24, भौली में 20, कुसमरा में 30 मरीजों का स्वास्थ्य मेले में उपचार किया गया। डॉ.अनिल कुशवाहा ने बताया कि बिगड़ते मौसम में हो रही बारिश के चलते मरीज कम आ रहे हैं।

# छात्रों को कराई चिड़ियाघर की सैर

सरीला/सुमेरपुर( हमीरपुर)

अमृत विचार। पर्यावरण निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला योजना कार्यक्रम के अंतर्गत सरीला रेंज के द्वारा स्कूली बच्चों को पर्यटन जागरुकता के लिए कानपुर प्राणी उद्यान का एक दिवसीय भ्रमण कराया गया। जिसमें शल्लेश्वर इंटर कॉलेज की 35 छात्राएं मौजूद रहीं।

प्राणी उद्यान के लिए जा रहे वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी ने रवाना किया। वनक्षेत्र अधिकारी प्रवीण कुमार गुप्ता ने बताया कि छात्राओं को जीव जंतुओं प्राणियों व उद्यान जगत की जानकारी दी जायेगी। छात्राओं को जीव जंतुओं सहित फलदार औषधि, छायादार वृक्षों के संरक्षण व उनके बारे में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान डिप्टी रेंजर सुरजीत सिंह, वन दरोगा तौहीद अहमद, लिपिक शिव कुमार अनुरागी वन रक्षक इस्तियाक खान, अवधेश प्रजापति सहित वन विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

उधर छात्र छात्राओं में पर्यावरण जागरूकता के साथ जीव जंतुओं की जानकारी पैदा करने के उद्देश्य से वन विभाग की पहल पर सुमेरपुर कस्बे में संचालित बीपीएम एजुकेशन सेंटर के छात्र- छात्राओं को एक दिवसीय भ्रमण पर कानपुर के चिड़ियाघर भेजा गया। छात्र छात्राओं की बस को ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव एवं वन क्षेत्राधिकारी इफ्तिखार खान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि यह विभाग की अच्छी पहल है।



सरीला में छात्रों की बस को हरी झंडी दिखाते चेयरमैन पवन कुमार अनुरागी।

# छह बार लोधी और पांच बार क्षत्रिय जाति के उम्मीदवार बने सांसद

**हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट**

राजेश सिंह, हमीरपुर


सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल।


सपा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी।

**अमृत विचार।** हमीरपुर-महोबा (तिंदवारी) लोकसभा सीट पर इस बार भी मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। भाजपा ने वर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को मैदान में उतारा है जो क्षत्रिय हैं जबकि सपा ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के उम्मीदवार जीत का दावा कर रहे हैं। अभी बसपा ने इस सीट पर अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है। उम्मीद है कि जल्द ही पार्टी का उम्मीदवार मैदान में आ जाएगा। अगर इस सीट पर बात करें तो यहां से छह बार लोधी और पांच बार क्षत्रिय समाज के उम्मीदवार सांसद बने। दो बार से क्षत्रिय समाज से आने वाले पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भाजपा के टिकट पर जीत रहे हैं। प्रत्याशी फाइनल होने पर मतदाताओं के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं। दलों के समर्थक भी मतदाताओं के बीच पैठ बनाने में जुट गए हैं।

लोकसभा चुनाव में रविवार को भाजपा ने दो बार से जीत रहे सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को फिर से टिकट थमा दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी ने महोबा के अजेंद्र लोधी को टिकट दिया है। राजनीतिक दलों में बसपा को ही प्रत्याशी की घोषणा करनी शेष है। साथ ही कुछ अन्य छोटे राजनीतिक दल भी प्रत्याशी उतार सकते हैं।

फिलहाल अभी चुनावी तस्वीर तभी साफ होगी जब बसपा भी अपना प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। देखा जाए तो लोकसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति की आबादी 22.63 फीसदी है जो हार-जीत में निर्णायक भूमिका अदा करेगी। वहीं सपा से चुनावी मैदान में कूदे अजेंद्र लोधी की बात करें तो इनकी बिरादरी के मतदाताओं की बहुलता राठ व चरखारी विधानसभा क्षेत्र में करीब 12.83 फीसद है। साथ ही सपा के परम्परागत कहे जाने वाले यादव मतदाता करीब 6.66 व मुस्लिम 8.26 फीसद हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के परम्परागत वोट की बात करें तो क्षत्रिय करीब 12.83, ब्राह्मण 10.33 व वैश्य करीब 2.66 फीसद हैं। इधर चुनावी इतिहास पर गौर करें तो छह बार लोधी व पांच बार क्षत्रिय बिरादरी के प्रत्याशी विभिन्न दलों से चुनाव जीत कर दिल्ली पहुंचने में सफल रहे हैं। इस बार भी इन दोनों बिरादरियों के प्रत्याशी सपा और भाजपा से आमने-सामने टकराएंगे। वहीं गौर करने की बात है कि वर्ष 2014 के पूर्व हुए लोकसभा चुनावों में वर्ष 1977 के चुनाव को छोड़ दें तो अन्य में बिरादरी वाद का असर रहा है। वर्ष 1998 तक लोधी बिरादरी से छह सांसद रहे। लेकिन जैसे ही हमीरपुर- महोबा लोकसभा सीट में बांदा जिले की तिंदवारी विधानसभा जोड़ी गई। लोधी मतदाताओं की संख्या अन्य के मुकाबले कमजोर पड़ गई।

1999 से लेकर 2019 तक विभिन्न राजनीतिक दलों से भाग्य आजमा चुके लोधी बिरादरी के प्रत्याशियों को कामयाबी नहीं मिली है। अभी लोकसभा चुनाव की तस्वीर धुंधली है। पिछले दो बार से संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल से सक्रियता कम रही है। लेकिन मोदी की गारंटी मतदाताओं पर हावी होती दिख रही है।

**02** बार से लगातार जीत रहे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल

**05** बार इस सीट पर भाजपा जीत चुकी है

- **सपा व भाजपा प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होते ही बढ़ी चुनावी हलचल**
- **इस सीट पर छह बार कांग्रेस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज किया है**

**लोकसभा में अब तक जीते प्रत्याशी**

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | मन्नूलाल द्विवेदी | (कांग्रेस) |
| 1957 | मन्नूलाल द्विवेदी | (कांग्रेस) |
| 1962 | मन्नूलाल द्विवेदी | (कांग्रेस) |
| 1967 | स्वामी ब्रह्मानंद | (भाजस) |
| 1971 | स्वामी ब्रह्मानंद | (कांग्रेस) |
| 1977 | तेजप्रताप सिंह | (बीकेडी) |
| 1980 | डूंगर सिंह | (कांग्रेस) |
| 1984 | स्वामी प्रसाद सिंह | (कांग्रेस) |
| 1989 | गंगाचरण राजपूत | (जद) |
| 1991 | विश्वनाथ शर्मा | (भाजपा) |
| 1996 | गंगाचरण राजपूत | (भाजपा) |
| 1998 | गंगाचरण राजपूत | (भाजपा) |
| 1999 | अशोक सिंह चंदेल | (बसपा) |
| 2004 | राजनारायण बुधौलिया | (सपा) |
| 2009 | विजय बहादुर सिंह | (बसपा) |
| 2014 | पुष्पेंद्र सिंह चंदेल | (भाजपा) |
| 2019 | पुष्पेंद्र सिंह चंदेल | (भाजपा) |

## सार-संक्षेप


जिलाध्यक्ष का स्वागत करते सपा नेता। अमृत विचार

### यूथ बिग्रेड अध्यक्ष का किया स्वागत

**नरैनी :** मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष विकास सिंह के कस्बे में प्रथम आगमन पर सपाइयों ने कस्बे के करतल रोड पर बने कार्यालय में फूल–माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी में लोगों को पार्टी में जोड़ने और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर, फखरुद्दीन, नगर अध्यक्ष रुद्र यादव, मो.फैज, लालू यादव, सगीर, मुन्ना पटेल, राजेंद्र यादव, बब्बल शर्मा, मनोज यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चोरों ने घर का ताला तोड़ उड़ाए लाखों के जेवरात

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में चोर एक मकान का ताला तोड़ लाखों के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करनी शुरू कर दी है। चोरी की यह घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी कामता प्रसाद पुत्र गोरेलाल अनुरागी ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ भट्ठों पर ईंट पाथने गया था। बताया घर में सभी कमरों में ताला लगा हुआ था। बताया कि शुक्रवार की रात चोरों ने उसके दरवाजा का ताला तोड़ अंदर घुस आए। चोरों ने कमरों का ताला तोड़ लोहे के बक्से में रखे सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, चांदी की हाफ पेटी, सोने की मनचली, चांदी की पायलें चोरी कर ले गए। सुबह जब मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा का ताला टूटा देखा तो उसे सूचना दी। पीड़ित कामता ने बताया जब वह लौटकर घर आया तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। बताया कि चोरी की घटना पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों में ताला तोड़ते हुए रिकार्ड हुई है। चोरी की इस घटना से मोहल्ले के लोगों में हड़कंप मचा हुआ था।


चोरी की घटना की जानकारी देता कामता अनुरागी।


प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

### छात्राओं को मेकअप संग मेंहदी व सिलाई का दिया प्रशिक्षण

**बांदा :** स्वयंसेवी संस्था आयुष्मान सेवा संस्थान के तत्वाधान में आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थी छात्राओं को मेकअप के साथ मेंहदी, सिलाई और कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। छात्राओं को हुनरमंद बनकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की नसीहत दी गई। शहर के खाईंपार में आयुष्मान सेवा संस्थान के तत्वावधान में आरजू प्रशिक्षण केंद्र में ब्यूटीशियन, मेंहदी, सिलाई और कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। बड़ोखर खुर्द ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू और दीवानी न्यायालय अध्यक्ष तुलसीदास श्रीवास ने संयुक्त रूप से छात्राओं के प्रशिक्षण को सराहा। साथ ही प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समाजसेवी सुनील सक्सेना और आयोजक सबीहा नूरानी ने छात्राओं को अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रोटी बैंक सोसाइटी महिला अध्यक्ष तबस्सुम फात्मा ने छात्राओं को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस मौकेपर मोहम्मद शमीम, तरन्नुम फात्मा, रीना कन्नौजिया, फरजाना बेगम, अलीमुददीन, मोहम्मद एजाज आदि उपस्थित रहे। संचालन रोटी बैंक सोसाइटी अध्यक्ष रिजवान अली ने किया।


खेत में भरा पानी। अमृत विचार

### बदौसा क्षेत्र में आंधी पानी के साथ गिरा ओला

**बदौसा :** क्षेत्र के गावों आंधी,पानी और ओला वृष्टि से किसानों की रबी की फसलों को भारी नुकसान होने से अन्नदाता मायूस हो गया है। बारिश से रबी की सरसों, चना, अरहर, मसूर, मटर की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के भुसासी, उदयपुर, हडहामाफी, चन्दौर, गजपतीपुर, दुबरिया, महुराई ,खोरिया, कंदोहरा, महुई, कुलसारी रक्सी, छतैनी गांव में आंधी, पानी के साथ शाम चार बजे 50–50 ग्राम का ओला गिरने से खेतों में खड़ी तिलहन सरसों, अलसी, मटर व दलहन की मसूर, चना और अरह की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं चना खेत में ही गिर गया है। छतैनी के किसान रामू प्रसाद, भूरे लाल, रामशरन, रामभजन, जौहरी लाल, रामफल, बंशगोपाल, कमलेश कुमार आदि नें बताया कि रविवार को दोपहर 4 बजे तेज आंधी,पानी के साथ 50–50 ग्राम के ओला गिरने से खेतों खड़ी फसल जमींदोज हो गयी है। पत्थरों से मवेसी व खेतों रखवाली कर रहे कई लोग चोटहिल हो गये हैं।

# बुंदेलखंड में जलवायु अनुकूल कृषि समय की मांग: शाही

## कृषि विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

कार्यालय संवाददाता, बांदा


हाईटेक नर्सरी का लोकार्पण करते सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

**अमृत विचारः** बुन्देलखण्ड में जलवायु के अनूकूल खेती को बढ़ावा देना आज समय की मांग है। प्रति एकड़ खेती में अधिक उत्पादन के लिए हमें वैज्ञानिक खेती की तरफ तेजी से कदम बढ़ाना होगा। इस विश्वविद्यालय ने चौदह वर्षों में प्रगति के हर सोपान को देखा है विश्वविद्यालय निरन्तर प्रगति के तरफ बढ रहा है। यह विश्वविद्यालय अपने शिक्षा की गुणवत्ता के लिये प्रदेश में अग्रणी है। कृषि शिक्षा कभी मजबूरी हुआ करती थी, लेकिन अब यह विषय छात्र स्वेच्छा से चुनते हैं। यह उद्‌गार कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के चौदहवें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आये हुए प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही।

कृषि मंत्री शाही ने उद्यान महाविद्यालय के प्रध्यापक सब्जी वैज्ञानिक डॉ.आरके सिंह द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कहा जाता है कि एक दिन में नही होगा, लेकिन एक दिन जरूर होगा। यह वाक्य हमें हौसला प्रदान करता है। हमें जलवायु के अनुकूल खेती को बढ़ावा देना होगा। तभी हम विश्व के खाद्य मांग की चुनौती को स्वीकार करते है। टिशु कल्चर लैब द्वारा उत्पादित केले के पौधे को विश्वविद्यालय परिसर मे कम से कम एक एकड़ मे लगाये जिससे किसान देख सके। अंत में उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में लगभग 188 पद रिक्त पड़े हैं जिसे भरने के लिए वे कुलपति से कार्यवाही करने का आह्वान करते हैं। कृषि मंत्री ने विश्वविद्यालय के लिए टाइप-3 आवास, आंतरिक रोड द्वितीय चरण तथा परास्नातक छात्रावास संख्या-2 का शिलान्यास व बीज उत्पादन एवं अनुसंधान प्रक्षेत्र तथा हाई-टेक नर्सरी का लोकार्पण भी किया गया। विशिष्ट के अतिथि के रूप मे प्रख्यात वैज्ञानिक व पूर्व कुलपति ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट डॉ.एनसी गौतम ने कहा कि उनका पढ़ाया हुआ छात्र आज इस विश्वविद्यालय का कुलपति है। इससे बड़ा सम्मान हमारे लिये क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड के महोबा का पान विलुप्तप्राय है। इसे सहेजने के लिये कदम उठाना आवश्यक है। आरगेनिक पान की मांग बजार मे बहुत बड़ रही है। पहले कृषि विषय मे प्रवेश बाई चांस था अब यह बाई च्वाइस बन गया है। विशिष्ट अतिथि नरैनी विधायक ओममणी वर्मा ने कहा कि छात्रो को अच्छी शिक्षा एवं जानकारी यहा से मिल रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रध्यापक प्रो.मुकुल कुमार, प्रो. धर्मेंद्र, डॉ.हितेष, डॉ.विजय शर्मा को शोध व शिक्षा मे तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, झांसी के डॉ.आदेश कुमार को प्रसार के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

# दो दिनों से हो रही बारिश फसलों को भारी नुकसान

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**20** बीघा मटर चिल्ली गांव के किसान की बर्बाद हुई

- **फसलों की दुर्दशा को देखकर किसानों में मचा हाहाकार**

**अमृत विचार।** क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही बेमौसम बरसात से मटर, मसूर, लाही एवं चना की फसल को भारी नुकसान हुआ है। वहीं तेज आंधी के चलते गेहूं की फसल खेतों में गिरकर पसर गई है। फसलों की दुर्दशा को देखकर किसानों में हाहाकार मचा हुआ है।

शुक्रवार की रात्रि से तेज हवा के साथ बारिश होना शुरू हुई जो शनिवार को रात्रि तक रुक-रुक कर अपना कहर बरपाती रही। परिणाम स्वरूप खेतों में कटी पड़ी मटर, मसूर, चना एवं लाही की फसल पानी भर जाने के कारण सड़ने की कगार में पहुंच गई है। तेज हवा के साथ बारिश होने के चलते खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से खेतों में गिरकर बिछ गई है। प्रकृति की ऐसी मार से क्षेत्र के किसानों में हाहाकार मचा हुआ है।

चिल्ली गांव के प्रगतिशील किसान शत्रुघ्न सिंह यादव ने बताया कि 20 बीघा में बोई मटर की फसल खेतों में कटी पड़ी है। बारिश हो जाने से खेतों में पानी भर गया है। जिससे फसल सड़ने की स्थिति में पहुंच गई है। मुस्करा कस्बे के किसान रामविशाल शुक्ला, केशव प्रसाद द्विवेदी और योगेश द्विवेदी ने बताया कि बेमौसम बरसात से खेतों में कटी मटर की फसल को भारी नुकसान हुआ है। वहीं मसूर एवं लाही की फसल सत प्रतिशत नष्ट हो गई है। गेहूं की फसल तेज आंधी और पानी के कारण गिरकर बिछ गई है। जिससे उत्पादन में भारी गिरावट आएगी। क्षेत्र के मुस्करा, बिहुनी, गुंदेला, कंधौली, पहाड़ी भिटारी, अलरा, गहरौली, इमिलिया, बसवारी, सिवनी, मिंहुना, चंदौरा, मसगांव, खड़ेही लोधन सहित समूचे क्षेत्र में हुई बेमौसम बारिश से किसानों में मायूसी छाई हुई है। क्षेत्र के किसानों ने अतिवृष्टि से हुई फसलों की बर्बादी का राजस्व विभाग से सर्वे कराकर जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

# परदेश साथ नहीं ले गया पति तो लगा ली फांसी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- **कमासिन थाना क्षेत्र के दादौ गांव का मामला**

**अमृत विचारः** परदेश जा रहे पति ने पत्नी को साथ ले जाने से मना कर दिया। इससे नाराज पत्नी ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कमासिन थाना क्षेत्र के दांदौ गांव निवासी पूनम (24) पत्नी अनिल यादव ने शनिवार की दोपहर कमरे के अंदर दरवाजे के लेंटर में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को खेत से घर लौटी सास सीमा ननद मोती ने देखा तो दरवाजे बंद थे। आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। किसी तरह दरवाजा खोल कर परिजन कमरे के अंदर पहुंचे शव देखा तो चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के ससुर होरीलाल ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। अनिल यादव वापी गुजरात में रहता है।

# अर्द्धसैनिकों संग पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च

**बांदाः** पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लोकसभा चुनाव को शांति और सकुशल कराने में जुट गए हैं। इसी क्रम में नरैनी के संवेदनशील इलाकों में अर्द्धसैनिकों के साथ पुलिस जवानों ने पैदल मार्च करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश में लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी हैं। इसी क्रम में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ भारी पुलिस फोर्स ने रविवार को नरैनी क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों का भ्रमण किया।

# रोडवेज बस में महिला का बदमाशों ने बैग काट उड़ाए लाखों के जेवरात

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


घटना की जानकारी देती पार्वती देवी।

**अमृत विचार।** रोडवेज की बस में बैठकर भाई की शादी समारोह में जा रही महिला का बैग चोरों ने काट दिया। चोरों ने बैग में रखे सोने चांदी के जेवरात उड़ाकर फरार हो गए। महिला ने कोतवाली में शिकायत की तो तीन दिन से पुलिस टरका रही है।

जरिया थाने के मगरौल गांव निवासी पार्वती देवी पत्नी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि एक मार्च की दोपहर करीब एक बजे वह राठ रोडवेज बस स्टैंड से कुलपहाड़ जाने वाली बस पर बैठी थी। बताया इसी दौरान तीन अज्ञात बदमाश युवक बस में चढ़े और उसकी पीछे वाली सीट पर बैठ गए। बताया कि एक युवक ने उसका बैग सीट के नीचे रखने के लिए कहा और उसके पास बैठ गया। बताया कि सीट के नीचे रखे बैग को पीछे बैठे युवकों ने चाकू से काट दिया। बताया कि बैग में दो बाक्स रखे थे। जिनमें सोने का लोंग हार, सोने का नेकलेस समेत अन्य सामान था। कुछ देर बाद जब उसे शक हुआ और उसने बैग देखा तो बैग कटा हुआ था।

उसी दौरान उसने जब शोर मचाया तो तीनों युवक उसे धक्का देकर भाग खड़े हुए। पार्वती देवी ने बताया कि इसकी सूचना उसने पुलिस को दे दी थी। लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। रविवार को महिला अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और दोबारा तहरीर दी। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया घटना की जांच कराई जा रही है।

**मिला तोहफा** भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुआ शिलान्यास

# 37 माध्यमिक विद्यालयों का निखरेगा स्वरूप

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- **कार्यों में पेयजल, शौचालय और मल्टीपरपज हॉल शामिल**


महर्षि वामदेव सभागार में उपस्थित भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गोरखपुर में रविवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट अंलकार योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में जनपद बांदा के 37 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वीकृत 2838.94 लाख रुपये के कार्यों का शिलान्यास किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि जनपद बांदा के 37 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छ पाइप पेयजल की सुविधा, बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक शौचालय ब्लॉक की स्थापना, मल्टीपरपज हॉल एवं राजकीय इण्टर कॉलेज के नवीन भवन के निर्माण सम्बन्धी कार्य कराने के लिए भी स्वीकृति एवं धनराशि शासन स्तर से प्राप्त करायी गयी। जिसका निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद बांदा द्वारा कराया जाएगा।

कार्यक्रम के अन्त में जिला विद्यालय निरीक्षक विजय पाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी अतिथियों को कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मालती बासू, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, ब्लाक प्रमुख बड़ोखर खुर्द स्वर्ण सिंह सोनू, अध्यक्ष नगर पंचायत मटौंध सुधीर सिंह, प्रतिनिधि सदर विधायक रजत सेठ, प्रतिनिधि शिक्षक-विधायक झांसी-इलाहाबाद क्षेत्र आलोक सिंह, जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ममता मिश्रा एवं जिला उपाध्यक्ष जागृति वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनपद के 37 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता का स्वागत

**कुलपहाड़, महोबा।** अधिशासी अभियंता के सेवानिवृत्ति होकर लौटने पर नगरवासियों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर सेवा करना चाहता हूं। कुलपहाड़ नगर के एक शिक्षित परिवार में जन्म लेने वाले इंजीनियर देवपाल पासवान की 14 जुलाई 1997 में सहायक अभियंता के पद पर पहली ज्वानिंग झांसी जनपद में हुई थी। इसके बाद उनका प्रमोशन हुआ वे अधिशासी अभियंता के पद पर रहकर उरई, इटावा, लखनऊ, सोनभद्र, मिर्जापुर सहित विभिन्न शहरों में तैनात रहे। इसके बाद अंत में सर्विस पूरी होने के बाद सोनभद्र से अधिशासी अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति होकर आए अपने निज निवास स्थल पर सैकड़ों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उन्होंने कहा कि अब में जनता के बीच रहकर सेवा करूंगा।

# अंडरपास का हुआ विरोध विधायक ने शांत कराया

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- **विधायक ने अधिकारियों को समस्या समाधान को कहा**

**अमृत विचार।** भीमसेन- खैरार जंक्शन रेलवे ट्रैक पर सुमेरपुर यमुना साउथ बैंक के मध्य पड़ने वाली रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनाए जाने का विरोध किसान कर रहे हैं। शिकायत पर पहुंचे सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने अधिकारियों से समस्या निस्तारण के बाद ही कार्य कराने के निर्देश दिए।

मौजूदा समय में भीमसेन-खैरार जंक्शन के मध्य दोहरीकरण का कार्य चल रहा है। जिसके चलते ज्यादातर रेलवे क्रॉसिंगों में अंडरपास बनाए जा रहे हैं। सुमेरपुर से यमुना साउथ बैंक के मध्य रेलवे क्रॉसिंग 40 व 41 पर भी अंडरपास बनाना शुरू हो गया है। जिसका पत्योरा के निवासी अवधेश, विनय कुमार, भैयालाल, मथुरा, भगवानदीन, श्रीराम, देशराज, अनिल कुमार, रंजीत आदि ने विरोध जताते हुए कहा कि इनके बनने से कई किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा। इस पर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए सदर विधायक से शिकायत की। इस पर रविवार को सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव के साथ मौके पर पहुंचे और रेलवे अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। किसानों की मांग है कि क्रॉसिंग नंबर 40 में पत्योरा की ओर जाने वाले रास्ते में एक कट होना चाहिए। जबकि 41 नंबर क्रॉसिंग में तीव्र मोड़ है। रेलवे के अधिशाषी अभियंता केके पांडेय, सहायक अभियंता अमित कुमार आदि रहे।

# झमाझम बारिश से किसानों की फसलों में भरा पानी

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र में दो दिनों तक हुई झमाझम बारिश से किसानों की फसलों में पानी भर गया है। साथ ही खेत में कटा पड़ा हुआ मटर व मसूर भीग जाने से किसान खासे परेशान नजर आ रहे हैं।

दो दिनों से बारिश होने से खेतों में कटी पड़ी मटर व सरसों की फसल भीग जाने से किसान खासे परेशान हैं। शनिवार को दिन व रात में हुई झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया है। इससे फसल सड़ने की कगार पर पहुंच गई है। साथ ही बारिश व तेज हवाओं से गेहूं की फसल खेतों में पसर गई है। इससे किसानों को गेहूं की पैदावार में कमी आने की संभावना बढ़ गई है। जखेला गांव के किसान रामधीन ने बताया कि खेतों में पड़ी मटर गीली हो गई है।

# जिले में दो दिनों से हो रही बारिश व ओलावृष्टि किसान हुए बर्बाद

## दलहन और गेहूं की फसल पर संकट बन कर छाए काले बादल, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जनपद में दो दिनों से मौसम की ऐसी मार झेलनी पड़ रही है कि किसानों की बर्बादी साफ दिखाई देने लगी है।आज रविवार के दिन सुबह लगभग 11 बजे तेज बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई जिससे किसानों की फसलें चौपट हो गयीं।

रविवार सुबह से ही मौसम खराब रहा और बूंदा बांदी के साथ साथ जमकर बारिश हुई और दिन के 11 बजे ओलावृष्टि भी हुई , जिससे किसानों की नींद उड़ गई। पहले मूसलाधार बारिश फिर ओलावृष्टि ने किसानों को पूरी तरह से झकझोर के रख दिया है। जिले में दलहन की फसल पूरी तरह नष्ट होने की संभावना है सही जानकारी सरकारी सर्वे से मिल पाएगी लेकिन जो अनुमान लगाया जा रहा इससे स्पष्ट है कि दलहन की फसल चौपट होने के साथ साथ जो गेहूं पककर तैयार हो गया है उसमें भी नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है । इंद्र देवता यदि शांत नहीं हुए तो किसानों को पूरी तरह गेहूं की फसल में भी नुकसान उठाना पड़ सकता है।



बारिश के बाद गिरी पड़ी फसल।



क्षेत्र में गिरे ओले। अमृत विचार

## बेमौसम बारिश ने किसानों के छीने निवाले

संवाददाता,माधौगढ़ जालौन

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में बेमौसम बारिश शुक्रवार से रविवार को होने कारण किसानों के चेहरों में मायूसी छा गई है जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जोरदार बारिश तो कहीं ओलावृष्टि का असर देखने को मिला। जोरदार बारिश होने के कारण रवी की फैसलें बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई हैं। चना मसूर अरहर सरसों आदि असिंचित फसलों को भारी नुकसान हुआ है । किसान बहुत चिंतित है जोरदार बारिश होने के कारण गेहूं के फसलों में भी काफी नुकसान होने के आसार है। रिंकू गुर्जर का कहना है कि सिंचित क्षेत्र में गेहूं की फसल को शुक्रवार से रविवार को दोबारा बारिश से गेहूं की फसल को भी भारी नुकसान हो गया है और असंचित फसल चना मसूर सरसों अरहर आदि फसलों के लिए यह बारिश काफी नुकसानदायक है। मसूर की फसल में लासी लग जाने के कारण फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है। चना की फसल खराब हो रही है। फल नहीं लगेंगे जिससे किसान को काफी नुकसान हो जाने के कारण किसान बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लिए गए ऋृण का भुगतान किस प्रकार से कर पाएगा जो चिंता का विषय है। जिले के कई ब्लॉकों के गांव में ओलावृष्टि हो गई है और कहीं-कहीं तेज बारिश से फसल पूरी तरह से चौपट हो गई है । किसान प्रदुम्न गुर्जर का कहना है कि किसानों का 70 से 80 फीसद तक नुकसान हो गया है ।

## डीएम ने खेतों में जाकर देखी किसानों की बर्बादी

कार्यालय संवाददाता उरई

- मातहतों को नुकसान का सर्वे कराकर रिपोर्ट भेजने को कहा
- जिलाधिकारी ने किसानों से बातचीत कर जाना उनका दर्द

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बोहद पूरा, कुकर गांव , सात मील समेत आधा दर्जन गांवों के खेतो में स्वयं पहुंच कर ओलावृष्टि और बेमौसम हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान की हकीकत देखी।

आज बरसते पानी में जिलाधिकारी ने राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ फसलों के नुकसान का परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गांवों के किसानों से उनका हालचाल पूछा ओर फसल बुआई में किसानों की लागत की भी पूछताछ की। सर्वाधिक नुकसान खेतों में कटी पड़ी मटर, मसूर, लाही, चना की फसलों को हुआ है, जो कि खेतों में कटी हुई पड़ी हैं।

दो दिन से हो रही बारिश से कटी पड़ी फसलें सड़ने लगी है साथ ही खेतो में खड़ी गेहूं, जौ, चना,अरहर,समेत कई जिंशो की फैसले तेज हवा के साथ हुई बरसात से जमींदोज हो गई हैं, जिलाधिकारी ने राजस्व और कृषि विभाग को किसानों के नुकसान का सही सर्वे कराकर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसानों को उचित और समय से मुआवाज दिया जा सके।



फसलों का नुकसान देखते डीएम राजेश कुमार पांडे व अन्य। अमृत विचार



कथा भागवत के बाद मौजूद आयोजक मंडल व श्रद्धालु। अमृत विचार

## भागवत समापन के बाद भक्तों ने छका प्रसाद

संवाददाता,माधौगढ़ जालौन

**अमृत विचार।** माधौगढ़ तहसील के अंतर्गत बीवीम सूपा में आयोजित हो रही सात दिवसीय श्री मद भागवत महापुराण साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के समापन के बाद आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे हजारों भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

ज्ञात हो कि ग्राम सूपा में विगत सात दिनों से श्री मद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। कथा वाचक पंडित शत्रुघ्न द्विवेदी शास्त्री दादरोआ धाम सात दिवसीय श्री राम कथा में श्री राम से जुड़े प्रसंग अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण तरीके से जनता के सम्मुख प्रस्तुत किये। उनके द्वारा प्रस्तुत श्री राम कथा ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। श्री राम कथा से प्रभावित जनमानस ने पंडित शत्रुघ्न द्विवेदी की राम कथा की भूरि भूरि प्रशंसा की। कथा समापन के उपरांत विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। जिसमें आसपास के गांवों के ग्रामीण भी हजारों की संख्या में सम्मिलित हुए और उन्होंने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया। परीक्षित सरस्वती देवी एवं कल्याण सिंह यादव वीर सिंह बलवंत गब्बर सिंह जहर सिंह राजा सिंह ध्रुव सिंह भूपेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह समर सिंह धर्मेंद्र सिंह रवि ऋषभ मानवेंद्र रोहित राघवेंद्र सागर अंकुश सौरभ अर्पित अमन अंशुल नैतिक मयंक अभी कमल सिंह महेंद्र दर्शन वकील यादव समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

## सिपाही के हत्यारोपी की बेटी की पुलिस ने कराई शादी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- लड़की के पिता रमेश पर सिपाही भेदजीत की हत्या का है आरोप
- पुलिस ने बारात का किया स्वागत, दिये उपहार

**अमृत विचार।** पुलिस ने अनोखी मिशाल पेश करते हुए पुलिस एनकाउंटर में मारे गये सिपाही भेदजीत की हत्या के मुख्य आरोपी रमेश रायकवार की बड़ी बेटी की पूरी रीति रिवाज के साथ शनिवार को शहर के एक गेस्ट हॉउस में शादी कराई है।

मालूम हो कि सिपाही हत्या के मुकदमे में नाम दर्ज, मुख्य आरोपी रमेश रायकवार का पुलिस ने कर एनकाउंटर दिया था। मारे गए रमेश की बेटी शिवानी के पुलिस ने किए हाथ पीले करने के साथ साथ उपहार स्वरूप सामान भी दिया है, इतना ही नहीं एनकाउंटर करने वाली टीम ने बारातियों का स्वागत सत्कार भी किया। पुलिस द्वारा किए गए इस इंतजाम के बाद लड़की को अपने पिता की कोई कमी महसूस नहीं हुई और वह खुश दिखाई दी।



शादी में मौजूद पुलिस अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

बता दें कि 10 मई 2023 को उरई कोतवाली क्षेत्र के हाईवे चौकी के पास ड्यूटी पर तैनात सिपाही भेदजीत सिंह की सिर कूंचकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, इस हत्याकांड के चार दिन बाद 14 मई 2023 को पुलिस ने हत्या करने वाले मुख्य आरोपी रमेश रायकवार और कल्लू अहिरवार को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था, इसके बाद बाद एनकाउंटर में मारे गये हत्यारोपी रमेश रायकवार की 2 बेटी और एक बेटा की परवरिश और शादी की जिम्मेदारी जालौन पुलिस ने ली और रमेश रायकवार की बड़ी बेटी शिवानी की शादी बड़े धूमधाम से कराई। इस दौरान रमेश का एनकाउंटर करने वाली टीम के सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी, कोतवाल शिव कुमार राठौर, सिपाही अमित दुबे और पीआरओ कृष्ण पाल सरोज ने उपहार दिया। टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने बारात का स्वागत किया। वहीं एनकाउंटर में ढेर हुए रमेश की पत्नी तारा भी पुलिस द्वारा दिए गए उपहार और शादी की पूरी व्यवस्था से काफी खुश नजर आई । बता दें की जालौन के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने सारी व्यवस्था कराई है।

## जिलाबदर अपराधी को किया गिरफ्तार

**उरई।** थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म जरायम, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों व वांछित अपराधी चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नहर कोठी कस्बा कुठौन्द के पास से जिलाबदर अभियुक्त मिथुन कठेरिया पुत्र नारायण को एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। जिलाबदर अभियुक्त मिथुन के विरुद्ध थाना कुठौन्द में अन्तर्गत आर्म्स एक्ट व 10 उ0प्र0 गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी उक्त के पूर्व में कई मामलों पंजीकृत का आपराधिक इतिहास कोतवाली उरई में है थाना प्रभारी कुठौन्द मय पुलिस टीम के साथ आरोपी।

## मंदिर की जर्जर सड़क से भक्तों में रोष

संवाददाता माधौगढ़ (जालौन)

- पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता से परेशानी उठा रहे श्रद्धालु
- डामरीकरण न होने से हो रही भक्तों को हो रही परेशानी

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ऊंचा में ऊंचा मसान बाबा मंदिर तक की दो किलोमीटर सड़क खस्ता हाल है। समस्या की सुनवाई न होने के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जबकि यह मंदिर ऊंचा का ऐतिहासिक स्थान है और यहां पर करीब 800 साल पुराना मसान बाबा मंदिर है। जहां पर प्रतिमाह हजारों श्रद्धालु शीश नवाने आते हैं। लेकिन रास्ता खराब होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है।

मंदिर परिसर में दर्शन करने आये श्रद्धालुओं ने बताया कि इस सड़क का निर्माण 2001 में किया गया था, पर अब यह सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। सरकार की ओर से कभी इसकी मरम्मत करवाने की तरफ ध्यान ही नहीं दिया गया। यहां श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है श्रद्धालु रामायण पाठ व श्रीमद भागवत कथा आदि करवाते हैं लेकिन सड़क की दुर्दशा होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है।



मंदिर की जर्जर सड़क। अमृत विचार

**गांव उजड़ने के बाद से कोई सुविधा नही:** ऊंचा के ग्रामीण बताते हैं कि अन्य गांव की तरह ऊंचा भी संपन्न गांव हुआ करता था। लेकिन बागियों की दहशत के कारण ऊंचा गांव कभी बस ही नहीं पाया उजड़े हुए गांव में महज एक मसान बाबा का स्थान ही शेष रह गया है करीब 800 से अधिक सालों के दरमियान पीढ़ी दर पीढ़ी इस ऐतिहासिक मसान बाबा के स्थान पर दिलों में आस्था समेटे श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं लेकिन खस्ताहाल रास्ते से गुजरकर लोगों को परेशानियां उठानी पड़ती हैं प्रशासन ने इस जंगल में तब्दील हुए गांव की तरफ निहारना ही बंद कर दिया आलम यह है कि ना बिजली है निकलने के लिए रास्ता है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** जालौन। नगर के एक मोहल्ला में एक नाबालिक लड़की को एक युवक बहला फुसलाकर शादी में खाना खिलाने के बहाने से रात में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया और देर रात लड़की को उसके घर छोड़ दिया । पीड़ित पिता की तहरीर पर पप्पू उर्फ देवेंद्र जो काफी समय से जालों नगर के मोहल्ला नरोभस्कर कालिंद्री टॉकीज के पास रहता है । आरोपी का पीड़िता के घर आना जाना था और वह पीड़िता के परिवार से घुल मिल गया था। इसी का लाभ उठाकर आरोपी बीती रात नाबालिग पीड़िता को एक शादी में खाना खिलाने के बहाने घर से ले गया और देर रात घर में छोड़ गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया और आरोपी की तलाश में जुट गई, जिसे कुछ ही घंटों में ढूंढ निकाला। पुलिस ने लड़की को मेडिकल के लिए भेज दिया है वहीं आरोपी को जेल भेजा।

## आयुष्मान मेले में 84 रोगियों की जांची सेहत

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशों पर स्वास्थ्य तथा चिकित्सा कार्यक्रम के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉक्टर विशाल सचान तथा डॉक्टर रुबी सिंह ने 84 मरीजों का उपचार कर जांच पड़ताल की।

सीएचसी परिसर में आयोजित साप्ताहिक मेले में आए मरीजों को जागरूक करते हुए डॉक्टर दिनेश गुप्ता तथा डॉक्टर शेख शहरयार ने कहा कि बेमौसम बारिश से बचाव करते हुए सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है । उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें।



आयुष्मान मेले में मौजूद चिकित्सक व मरीज। अमृत विचार

चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश तथा चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मेले का आयोजन किया जाता है ।

मेले में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा जनता को उपलब्ध कराई जाती है। मेले में मरीजों के हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का 13 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गये । इस मौके पर कुलदीप सचान, जितेंद्र सोनी अशोक कुमार ममता किरण राठौर, आदि कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सीबीएसई बोर्ड 9 व 11 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ

**बिधूना, औरैया।** रविवार को ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय में बार्षिक अभिभावक एंव अध्यापक बैठक सम्पन्न हुई। इससे पूर्व ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के प्रधानाचार्य सजिमोन जोसेफ के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्ज्वलित कर अभिभावक गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम व द्वितीय , तृतीय श्रेणी पाने वाले छात्र व छात्राओं के शील्ड, ट्रॉफी मेंडल एंव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और बच्चों के साथ आये हुए माता-पिता अविभावकों का आभार व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया गया। इस गोष्ठी को सफल बनाने के लिए ज्ञान स्थली एकेडमी बिधूना विद्यालय के कल्पना वर्मा उप प्रधानाचार्या, भानू प्रताप सिंह एकेडमिक इन्चार्ज , भाविका सिंह गीता यादव इतांशी सेंगर, पूनम चतुर्वेदी , शिवनाथ सिंह, सागर सक्सेना, नीलम सिंह , मोहित सिंह , अंजुली सक्सेना, ज्योती सिंह, शैलेन्द्र सिंह , ज्योती पाठक, प्रीती शाक्य, सर्वेद्र , छवि, अंशू चौहान, अपर्णा शर्मा, विनय शुक्ला, मीरा तोमर, विशाल, आकाश गुप्ता, पारूल शाक्य, अनूप सक्सेना, कपिल भदौरिया, पूजा यादव, कौशलेन्द्र, सुप्रिया सेंगर , ज्योति शाक्य, आयुष सेंगर, शाहिल सक्सेना, हिमांशू, अभिषेक , अरूण झा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर मनू यादव कक्षा 9 प्रथम, दिव्यांशी पाल कक्षा 9 द्वितीय, प्रिशी सेंगर कक्षा 9 तृतीय श्रेणी पर रहे।

**सियासत** राज्यसभा चुनाव में सपा का साथ छोड़ने वाले नेताओं को जमकर कोसा, नवनियुक्त पदाधिकारी का किया स्वागत

## सपाइयों ने लोकसभा चुनाव जीतने की बनाई रणनीति

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** शहर के इकलासपुरा रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में सपा की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने की जबकि बैठक का संचालन महेश द्विवेदी ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत ने कहा कि राज्यसभा के चुनाव में भाजपा के पक्ष वोट करने वाले सपा के विधायकों ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ धोखा दिया ऐसे सपा के विधायकों को नैतिकता के आधार पर सदन से इस्तीफा दे देना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि हमें लोकसभा चुनावों के लिय कमर कस लेनी चाहिये, जो भी प्रत्याशी हमारी पार्टी से आयेगा उसे पूरी ताकत के साथ लड़ाया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष वेदप्रकाश यादव ने कहा कि बूथ को मजबूत करने वाले कार्यकर्ताओं जिम्मेदारी सौपी गयी। वफादार सपा के सिपाही को ही लोकसभा का प्रत्याशी बनाया जाये । बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक चरखारी कप्तान सिंह राजपूत, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम लता सक्सेना, वीरेन्द्र सिंह यादव, जमालुद्दीन पप्पू जिला कोषाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव दादी, प्रदेश सचिव प्रदीप दीक्षित, महेश शिरोमणि, महेशचन्द्र विश्वकर्मा, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष लला यादव सहित अन्य सपा नेता मौजूद रहे।



सपा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार



जिलाध्यक्ष बनने पर लला यादव का स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

### लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष बने लला यादव

**उरई (जालौन)।** आगामी लोकसभा चुनाव को दमदारी के साथ लड़ने के लिए सपा के प्रदेश नेतृत्व ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सपा संगठन में वफादारी के साथ काम करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए लला यादव अमगुवां को लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वेदप्रकाश यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष प्रमोद औंता, महासचिव सुरेन्द्र राजपूत बरदर, राहुल आटा, पवन कुमार दाऊ विधानसभा उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह यादव, रामजी यादव जमरोहु खुर्द, अनिल यादव सहित दर्जनों सपाजनों ने नवनियुक्त लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष लला यादव अमगुवां का फूल माला डालकर स्वागत किया।

## नोंगवा फीडर की सप्लाई बाधित रही

**कंचौसी, औरैया।** कंचौसी असेनी फीडर से जुड़े नोगवा फीडर की मेन लाइन में आई खराबी के कारण शनिवार की रात्रि कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 14 घंटे ठप रही।

इससे नगरवासियों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दैनिक कार्य भी प्रभावित हुए। लोगों ने बताया आए दिन खराबी बनी रहती है। जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। आपको बताते चलें कि दो दिन से खराब मौसम के कारण नोंगवा फीडर की सप्लाई 14 घंटे बाधित रही। इससे नोगवा, अमरपुर, रंजीतपुर, विजई पुरवा, मधवापुर, सुंदरपुर, हरतोली, महिपाल पुरवा, कनमऊ, कसहा, मुड़रिया, सहित 15 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। जोकि रविवार दोपहर दो बजे के बाद बहाल हो सकी। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से उपभोक्ता पानी और मोबाईल चार्ज करने के लिए परेशान रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

## हिन्दू संगठनों ने संगठन के विस्तार पर की चर्चा

संवाददाता कालपी, जालौन

**अमृत विचार।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कालपी द्वारा साप्ताहिक मिलन केंद्र बैठक रविवार को आश्रम मंदिर में आयोजित की गई।

जिसमें प्रमुख रूप से संगठन की योजना के अनुसार धर्म रक्षा निधि की विशेष योजना बनाई गई एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष मनीष महाराज, बजरंग दल नगर संयोजक हर्ष बिश्नोई, बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख निखिल पंडित, बजरंग दल से संपर्क प्रमुख विकास शर्मा, बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख आदित्य पंडित, विश्व हिंदू परिषद नगर मंत्री रविंद्र प्रताप सिंह, रमेश चंद्र बिश्नोई, चमन दीक्षित, उज्जवल गुप्ता, मुकेश, अंशू गुप्ता, गब्बू विश्वकर्मा, ध्रुव गुप्ता, हर्ष शुक्ला, गोलू सरदार, आराध्या पांडे, वैष्णवी पांडे आदि मौजूद रहे।

